दैनिक

# मिशन नेशनल न्यूज

MNN Mission of Truth

TITLE CODE.: UTTHIN05386

हिन्दी अखबार

प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद

वेबसाईट पढ़े: www.missionnationalnews.com

वर्ष-3 अंक-07 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये

हरिद्वार, मंगलवार , 07 जनवरी 2025


## बीजापुर में नक्सलियों का कायराना हमला

# आईईडी ब्लास्ट में 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद

**बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर में नक्सलियों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पूरी साजिश के तहत नक्सलियों ने संयुक्त ऑपरेशन से लौट रहे सुरक्षा बलों के वाहन को निशाना बनाकर आईईडी ब्लास्ट किया। इस हमले में दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और वाहन चालक कुल 9 लोग शहीद हो गए। इस दुखद घटना की पुष्टि बस्तर आईजी पी. सुंदरराज ने की। पुलिस के अनुसार, यह हमला बीजापुर के कुटरू-बेदरे सड़क पर ग्राम अंबेली के पास हुआ। दंतेवाड़ा, नारायणपुर, और बीजापुर की संयुक्त ऑपरेशन टीम ऑपरेशन से लौट रही थी, तभी दोपहर लगभग 2:15 बजे माओवादियों ने यह हमला किया।



**उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दी प्रतिक्रिया**

इस बड़ी घटना पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नक्सलियों की हरकत को कायराना बताते हुए कहा, यह हमला नक्सलियों की हताशा को दशार्ता है। शहीद जवानों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार नक्सल समस्या के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का अभियान पूरा किया जाएगा, उपमुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया। शहीद जवानों की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। जवानों की शहादत को सलाम करते हुए बस्तर पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है।

# सीएम धामी ने पीएम मोदी को राष्ट्रीय खेलों के लिए किया आमंत्रित

## दिल्ली में धामी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से जताया आभार देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने राज्य की विकास योजनाओं के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। सीएम ने राज्य के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से उन्होंने धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश -कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण पर तेजी से काम चल रहा है। टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना के सर्वे का कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूर्ण वित्तीय व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नए योग नगरी रेलवे स्टेशन से किए जाने का अनुरोध किया। पुराने स्टेशन की भूमि पर जो रेल ट्रैक है, उसका उपयोग नई सड़क व्यवस्था के लिए किया जा सकेगा, जिससे यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा सीएम धामी ने उत्तराखंड में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन में आवंटित केंद्रीय अंशदान की अवशेष धनराशि जल्द अवमुक्त किए जाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश को रिवर राफ्टिंग में आकॉनिक सिटी के रूप में चयनित करने पर आभार व्यक्त करते हुए हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर परियोजना के लिए राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए केंद्र स्तर से संसाधन उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया।कार्बन नेट जीरो के लिए हो रहा काम देहरादून। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में भूतापीय ऊर्जा के दोहन के लिए आइसलैंड एंबेसी के सहयोग से एक एमओयू प्रस्तावित है। इस एमओयू पर भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से आवश्यक अनापत्ति पत्र प्राप्त किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए सभी तकनीकी और वित्तीय सहयोग राज्य सरकार को प्रदान किए जाने का अनुरोध किया, ताकि वर्ष 2070 तक कार्बन नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तराखंड अहम भूमिका निभा सके। मुख्यमंत्री ने सड़क परिवहन मंत्रालय में प्रेषित प्रस्तावों ऋषिकेश बायपास, हरिद्वार बायपास (पैकेज 2), देहरादून- मसूरी कनेक्टिविटी, देहरादून रिंग रोड, चंपावत बायपास, लालकुआं, हल्द्वानी और काठगोदाम बायपास और मानसखंड प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिए संबंधित को निर्देशित किए जाने का भी अनुरोध किया।

## आतिशी ने अपना उपनाम बदलकर सिंह रख लिया, आप-कांग्रेस भड़की

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी विधानसभा सीट पर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस सीट से बीजेपी के रमेश बिधूड़ी, कांग्रेस की आलका लांबा और आम आदमी पार्टी (आप) की सीएम आतिशी मालेर्ना के बीच मुकाबला होगा। चुनावी माहौल को गरमाने में बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी की विवादित टिप्पणियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

रविवार को बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर विवादित बयान दे दिया, जिससे बवाल मच गया। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान पर खेद जताते हुए माफी मांगी, लेकिन इसके बाद उनका दिल्ली की सीएम आतिशी पर बयान ने नई बहस शुरू कर दी। बिधूड़ी ने आतिशी के उपनाम मालेर्ना को लेकर विवादित बयान दे दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि आतिशी ने अपना उपनाम बदलकर सिंह रख लिया है। बिधूड़ी ने चुनावी रैली में कहा कि वह मालेर्ना से अब सिंह बन गईं। बिधूड़ी की इस बयान से दिल्ली का चुनावी माहौल गरमा गया है। आप और कांग्रेस ने बिधूड़ी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी नेताओं ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग एक महिला सीएम का अपमान सहन नहीं करेंगे और महिलाएं इसका बदला लेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में तबाही फैला रहे एचएमपीवी वायरस का भारत में मिला पहला केस, बेंगलुरु में 8 माह की बच्ची मिली संक्रमित

**बेंगलुरु**

कोविड के बाद चीन में तबाही फैला रहे एचएमपीवी वायरस ने पूरी दुनिया को डरा दिया है। लगभग सभी देश इस पर नजर बनाए हुए हैं। ऐतिहात के तौर पर कई देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी बीच बेंगलुरु में एक 8 माह की बच्ची के संक्रमित पाए जाने से और अधिक चिंता बढ़ गई है।

बेंगलुरु के एक अस्पताल में आठ महीने की बच्ची में एचएमपीवी वायरस डिटेक्ट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि हमने हमारी लैब में इसका टेस्ट नहीं किया है। एक निजी हॉस्पिटल में इसके मामले की रिपोर्ट आई है। निजी हॉस्पिटल की इस रिपोर्ट पर संदेह करने का कोई कारण नजर नहीं आता। बता दें कि एचएमपीवी आमतौर पर बच्चों में ही डिटेक्ट होता है। सभी फ्लू सैंपल में से 0.7 फीसदी एचएमपीवी के होते हैं। इस वायरस का स्ट्रेन क्या है, अभी पता नहीं चल पाया है।

हेल्थ सर्विस की डायरेक्टर जनरल डॉ. वंदना बग्गा ने रविवार को मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों के साथ मीटिंग की, जिसमें दिल्ली में सांस से जुड़ी बीमारियों से निपटने की तैयारियों पर चर्चा की गई। सिफारिशों के तहत अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि वे इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के मामलों की जानकारी तुरंत पोर्टल के जरिए दें।संदिग्ध मामलों के लिए सख्त आइसोलेशन प्रोटोकॉल और सावधानी बरतने को कहा गया है। अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के डॉक्यूमेंटेशन बनाए रखना जरूरी है। उन्हें ऑक्सीजन के साथ-साथ हल्के लक्षण वाले मामलों के इलाज के लिए पैरासिटामोल, एंटीहिस्टामाइन, ब्रोन्कोडायलेटर्स और कफ सिरप की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### कांग्रेस ने किया प्यारी दीदी योजना का ऐलान

**दिल्ली की महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500**

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। कांग्रेस ने दिल्ली की महिलाओं के लिए प्यारी दीदी योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह व राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने संयुक्त रूप से योजना को जारी किया है।

इस दौरान देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में एक सपनों का सौदागर बैठा हुआ है, जो वादे तो खूब करता है, लेकिन उन्हें पूरा करने में विफल रहता है, लेकिन कांग्रेस हमेशा अपनी बात को पूरा करती है। लोग भी इसीलिए पार्टी पर भरोसा करती है।

## माता-पिता से संपति लेने के बाद उन्हें ठुकराने वालों को चुकानी होगी बड़ी कीमत, सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से बुजुर्गों को मिलेगी राहत



**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

माता-पिता से संपत्ति लेने के बाद उन्हें ठुकराने वालों को चुकानी होगी बड़ी कीमत, सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से बुजुर्गों को मिलेगी राहत

बुजुर्गों की सेवा नहीं करने पर शून्य घोषित होगा संपत्ति का ट्रांसफर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के हालिया ऐतिहासिक फैसले के तहत माता-पिता से संपत्ति या गिफ्ट लेने के बाद उन्हें ठुकराने वालों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। ऐसे बच्चों को प्रॉपर्टी या गिफ्ट या फिर दोनों लौटाने होंगे। बुजुर्ग माता-पिता का भरण-पोषण हर हाल में करना होगा। उन्हें उनके हाल पर छोड़ना महंगा पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले से बुजुर्गों को फायदा होने वाला है। फैसले से उम्मीद बंधी है कि बच्चे बुजुर्ग माता-पिता का ख्याल रखेंगे और उनसे अच्छा व्यवहार करेंगे। इससे वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सुधार आएगा। आमतौर पर देखा जाता है कि कई अभिभावकों को उनके बच्चे प्रॉपर्टी और गिफ्ट लेने के बाद नजरअंदाज कर देते हैं। कोर्ट ने कहा, बच्चों को अब माता-पिता की प्रॉपर्टी और बाकी गिफ्ट दिए जाने के बाद एक शर्त उसमें शामिल होगी। शर्त के मुताबिक, बच्चों को माता-पिता का ख्याल रखना होगा। उनकी जरूरतों को पूरा करना होगा। अगर बच्चों ने इन शर्तों को नहीं माना और माता-पिता को उनके हाल पर अकेला छोड़ दिया तो उनसे सारी प्रॉपर्टी और बाकी गिफ्ट वापस ले लिए जाएंगे। प्रॉपर्टी का ट्रांसफर शून्य घोषित कर दिया जाएगा।शीर्ष अदालत के मुताबिक, बच्चों द्वारा बुजुर्गों की सेवा नहीं करने पर संपत्ति का ट्रांसफर शून्य घोषित तो होगा ही, साथ ही ऐसे मामले में संपत्ति ट्रांसफर धोखाधड़ी या जबरदस्ती के तहत किया गया माना जाएगा। बच्चे माता-पिता की देखभाल करने में विफल रहते हैं तो माता-पिता ने उन्हें जो प्रॉपर्टी और गिफ्ट दिए हैं वो वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत रद्द किया जा सकता है। कुछ मामले ऐसे भी सामने आए हैं, जहां धोखाधड़ी के जरिये संपत्ति हथिया ली जाती है और बाद में उसे कानूनी तौर पर ट्रांसफर बताया जाता है। इसलिए इस फैसले से धोखाधड़ी रुकेगी। सुरक्षित बुढ़ापे के लिए कभी भी अपनी संपत्ति का 100 फीसदी हिस्सा बच्चों को ट्रांसफर न करें। चाहे बच्चा कामयाब हो या असफल, दोनों स्थितियों में बचना जरूरी है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह पर 16 को सुनवाई



**15 मामले एक साथ सुने जाएंगे**

**प्रयागराज**

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई 16 जनवरी को होगी। यह केस अब हाईकोर्ट की नई बेंच को चला गया है। इस केस की सुनवाई जस्टिस न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र करेंगे। मुस्लिम पक्ष हलफनामा दायर करेगा। इससे पहले न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन इस केस की सुनवाई कर रहे थे। उनके सेवा अवकाश के कारण नई एकल पीठ बनाई गई। इसके बाद से अब नई बेंच इसकी सुनवाई कर रही है। अब कोर्ट सभी 15 याचिकाएं एक साथ सुनेगा।

16 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हुई जो 3.30 बजे तक चली। मुस्लिम पक्ष ने कहा- ये वाद सुनवाई योग्य नहीं हैं। सभी मुकदमों की अलग-अलग सुनवाई की जाए। इस पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पक्ष की तरफ से कहा गया कि मामला उलझाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था।

## संपादकीय

### पत्रकार की हत्या से उठते सवाल

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में कार्यरत पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की नृशंस हत्या से एक ओर तो राज्य सहित पूरा देश स्तब्ध है, तो वहीं इस घटना ने फिर से साबित कर दिया है कि भारत में पत्रकारिता एक जोखिम भरा पेशा हो गया है। अपने पेशे के प्रति बेहद ईमानदार तथा संवेदनशील मुकेश पहली जनवरी की शाम को एक फोन आने के बाद घर से निकले तथा अगली शाम तक वे लापता रहे। चिंतित परिजनों तथा साथी पत्रकारों ने उनकी खोज-बीन शुरू की। समझा जाता है कि उन्हें बीजापुर के ही एक बड़े ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर के परिवार के किसी सदस्य का उन्हें फोन आया था जो मुकेश से मिलने के इच्छुक थे। कुछ ही दिन पहले मुकेश ने अपने यूट्यूब चैनल पर सुरेश चन्द्राकर द्वारा बनवाई जा रही मिरतुर-गंगालूर सड़क में कथित भ्रष्टाचार को लेकर विस्फोटक खबर चलाई थी। अनुमान लग रहे हैं कि इसके चलते मुकेश की हत्या की गयी है। उनका शव 3 जनवरी की शाम को चन्द्राकर के परिसर में बने बैडमिंटन कोर्ट के नीचे सेप्टिक टैंक में मिला। यह भी बताया जाता है कि पुलिस इस टैंक को तोड़ने के पक्ष में नहीं थी लेकिन अन्य पत्रकारों के जोर देने पर उसे तोड़ा गया। इस सिलसिले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दुनिया भर में लड़ाइयों, गृह युद्धों, आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में पत्रकार अपना उत्तरदायित्व निभाते हुए प्राण गंवाते हैं। वैसे ही अब भारत में पूंजीपतियों व कारोबारियों के खिलाफ लिखना भी खतरनाक हो गया है। यदि ऐसे धन्ना सेठों का गठजोड़ राजनेताओं से, विशेषकर सत्ता पक्ष से है तो समझिये कि उनके खिलाफ या उनके व्यावसायिक हितों पर चोट करने वाली कोई भी खबर लिखनी या दिखानी खुद को संकट में डालने जैसा हो गया है। हाल के वर्षों में एक तरह से व्यवसायियों और नेताओं के बीच अघोषित सी संधि बनी हुई है जिसके अंतर्गत दोनों पक्ष परस्पर हितों का संरक्षण करते हैं। कारोबारी सियासतदानों को चुनाव के वक्त और जरूरी मौकों पर आर्थिक मदद देते हैं। इसके बदले में नेता यदि सत्ता में हों तो उनके व्यापार को संरक्षण देने और उनके मार्ग में आने वाले अवरोधों को खत्म करने का काम करते हैं विपक्ष में रहकर भी राजनीतिक व्यक्ति व दल अन्य तरीकों से उनकी मदद करते हैं। इनमें प्रमुख तो यही है कि विरोधी दल उन्हें बख्श दें। यानी उनके कामों पर उंगलियां न उठायें। बहरहाल, नये भारत में, यानी 2014 के बाद से सत्ता पक्ष और अखबारनवीसी के रिश्ते भी बदले हैं। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों से संवाद के तरीकों में कुछ ऐसा परिवर्तन किया है कि उसमें मीडिया का अनिवार्यतः सत्ता पक्ष का एक तरह से सक्रिय सहयोगी बना दिया गया है। यहां सत्ताधारी दल से तात्पर्य भारतीय जनता पार्टी से है। उसने प्रकारान्तर से मीडिया पर पूर्णतः अधिकार सा कर लिया है। मीडिया सत्ता ही नहीं, भाजपा की भाषा बोलने में भी पारंगत हो गया है।

सरकार के नजदीकी व्यवसाय समूहों ने मीडिया को खरीदकर खुद और सत्ता की सेवा के काम में लगा रखा है। स्वाभाविक है कि इसका उद्देश्य विरोध के स्वर को खत्म करना है, फिर चाहे वह सरकार का विरोध हो या फिर कारोबारियों का। मुख्यधारा का मीडिया आज ज्यादातर इन दो समूहों के एजेंडे को पूरा करने में व्यस्त है- सरकार व सत्ता पक्ष के राजनीतिक एजेंडे तथा कारोबारियों के व्यवसायिक हितों को संरक्षित और संवर्धित करने के। पूरी दुनिया की ही तरह भारत में एक समांतर मीडिया भी खड़ा हो गया है जो किसी के एजेंडे को चलाने या उस पर चलने के बजाये स्वतंत्र चेतना व विवेक रखता है, लेकिन उसे एक बड़ी लड़ाई लड़नी पड़ रही है। फिर वह कोई समूह हो या पत्रकार। मुकेश पत्रकारिता की उसी धारा के तहत काम करते थे। कुछ मीडिया समूहों में काम करने के बाद उन्होंने अपना स्वतंत्र प्लेटफॉर्म बनाया तथा बस्तर के बुनियादी मुद्दों से वे जूझ रहे थे। माओवाद की भीतरी कंदराओं से लेकर विकास के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार, कारोबारियों को बचाने वाले तत्वों तथा ऐसा हर वह मसला उनकी पत्रकारिता का विषय था जिसका सरोकार आमजन से है। ग्रामीण और आदिवासी लोगों के कई मुद्दों को उठाने का उन्हें श्रेय जाता है। जाहिर है कि इसके लिये जिगर चाहिये- वह उनमें था। तभी कुछ अरसा पहले नक्सलियों द्वारा अगवा कर लिये गये एक सीआरपीएफ जवान को वे अकेले दम छुड़ा लाये थे। लेकिन भ्रष्ट तंत्र के बिछाए जाल ने उनकी जान ले ली। यह भारतीय पत्रकारिता की नयी तस्वीर है।

## (चिंतन-मनन)

### माँ है तो सबकुछ है

माँ एक गुरु के रूप में अपनी संतान को संस्कार देती है। माता जीवन का निर्माण करती है, तो पिता उसे उन्नति के शिखर तक ले जाता है। माँ है तो सबकुछ है और यदि माँ नहीं तो कुछ भी नहीं। जो अपनी माँ को प्रसन्न रखता है, वह उसके आशीर्वाद का वरदान भी पाता है।

ऐसी परम उपकारी वात्सल्य मूर्ति माँ की आँखों में कभी आँसू नहीं आने देना। जो विनयपूर्वक परमात्मा और सद्गुरु के चरणों में समर्पित हो जाता है, वह सबकुछ पा जाता है। सद्गुरु हमें ज्ञान देते हैं। सद्गुरुरूपी नाविक के साथ धर्मरूपी नौका में बैठकर इंसान संसार सागर को पार कर लेता है।

आज व्यक्ति धन-वैभव का अहंकार करता है, परंतु वह अंत में धराशायी हो जाता है। जिसके जीवन में विनय का गुण है, वह ज्ञान प्राप्त कर सकता है। माँ एक गुरु के रूप में अपनी संतान को संस्कार देती है। माता जीवन का निर्माण करती है, तो पिता उसे उन्नति के शिखर तक ले जाता है। माँ है तो सबकुछ है और यदि माँ नहीं तो कुछ भी नहीं।

# नए वर्ष में बेहतर होगी आर्थिकी

**–डा. जयंतीलाल भंडारी–**

यकीनन वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संगठनों के द्वारा नए वर्ष 2025 की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाशित विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक नया वर्ष 2025 भारत के लिए उजली आर्थिक संभावनाओं वाला वर्ष होगा। नए वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था बीते वर्ष 2024 से मिली आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए आगे बढ़ेगी और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होगी। यदि हम नए वर्ष 2025 को बीते वर्ष 2024 से मिलने वाली आर्थिक विरासत को देखें तो पाते हैं कि इस विरासत में जहां कई चुनौतियां हैं, वहीं विकास के कई मजबूत आर्थिक आधार भी हैं। यद्यपि बीते वर्ष 2024 की शुरूआत 8 फीसदी विकास दर के साथ हुई थी, लेकिन बीते वर्ष की जुलाई से सितंबर की तिमाही में महज 5.4 फीसदी की विकास दर के कारण कई आर्थिक गणित गडबड़ा गए। बीते वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया महंगाई तथा रोजगार चिंताजनक मुद्दे रहे हैं। महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग अधिकांश महीनों में बनी रहीं। खासतौर से नवंबर 2024 के बाद एक बार फिर थोक एवं खुदरा महंगाई बढने लगी और महंगाई रिजर्व बैंक के निर्धारित दायरे से बाहर रही। बीते वर्ष में यद्यपि शहरी बेरोजगारी में कमी आई, लेकिन असंगठित सेक्टर में रोजगार के मौके घट गए। बीते वर्ष में विदेश व्यापार घाटा भी बढ़ा। बीते हुए वर्ष में रुपया वर्षभर लुढकता रहा। वर्षभर डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत घटती गई और दिसंबर 2024 में डॉलर के मुकाबले रुपया लुढककर 85 से भी नीचे के स्तर पर

> देश में कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 32.22 करोड़ टन के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023-24 में गेहूं और चावल का अधिक उत्पादन हुआ है। गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन 1132.92 लाख टन और चावल का उत्पादन 1378.25 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। यह अनुमान किया गया है कि सरकार की नई कृषि विकास रणनीति से नए वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा।

पहुंच गया। वर्ष 2024 में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कभी कमी तो कभी वृद्धि होती रही। दिसंबर 2024 में विदेशी मुद्रा कोष घटते हुए करीब 652 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। निश्चित रूप से नए वर्ष 2025 को पिछले बीते वर्ष से आर्थिक विकास के ठोस आधार भी मिले हैं। अर्थविशेषज्ञ एक मत से कारोबारी और वित्तीय ऊंचाई को लेकर आशावादी हैं और वे विकास मूलक संकेत देते हुए देश की मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कृषि, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन को तेज रफ्तार मिलेगी। नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं व नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) आकार लेते हुए दिखाई देंगे। खासतौर से सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड आदि क्षेत्रों में तेज विकास होगा। इससे रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई देंगे। नए वर्ष 2025 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही सोना, चांदी के भावों की नई उड़ान भी दिखाई देगी। गौरतलब है कि नए वर्ष 2025 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे नए वर्ष में देश अधिक लाभान्वित होगा। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निश्चित रूप से नए वर्ष में देश के कोने-कोने में मेक इन इंडिया अभियान की शक्ति बढ़ेगी। साथ ही भारत दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला तीसरा बड़ा विनिर्माण गंतव्य भी उभरकर दिखाई देगा। देश में चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए लागू प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिलते हुए दिखाई देंगे। निस्संदेह नए वर्ष 2025 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन, खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को बीते हुए वर्ष से जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे नए वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ेगी, ग्रामीण इलाकों में खपत भी बढ़ेगी। देश में कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगा। ज्ञातव्य है कि फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 32.22 करोड़ टन के स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2023-24 में गेहूं और चावल का अधिक उत्पादन हुआ है। गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन 1132.92 लाख टन और चावल का उत्पादन 1378.25 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। यह अनुमान किया गया है कि सरकार की नई कृषि विकास रणनीति से नए वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाएगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नए वर्ष 2025 में भारत में कर संग्रह में तेज वृद्धि होगी। उद्योग-कारोबार में बेहतरी से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फसदी बढकर 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.28 आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए वर्ष में दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ेगी। सरकार की मुर्यिों में बढ़ता कर राजस्व अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करेगा। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि नए वर्ष में निर्यात और विदेशी निवेश की संभावना बढ़ेगी। सरकार की वित्तीय नियंत्रण की नीतियों से नए वर्ष 2025 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहते हुए दिखाई देगा। हम उम्मीद करें कि जनवरी 2025 में ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका द्वारा चीन पर भारी व्यापार प्रतिबंधों की संभावना से भारत के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश बनने की संभावना बढ़ेगी। नए वर्ष में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी और कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष 2025 में सरकार के द्वारा आर्थिक और वित्तीय सुधारों, कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष में भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर होगी और इस समय जो भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, नए वर्ष 2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगा और ऐसे तेज आर्थिक विकास से नए वर्ष में देश के आम आदमी के चेहरे पर भी आर्थिक मुस्कराहट बढ़ेगी।

**(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)**

# सामूहिक योगदान से ही बच सकेगी धरा

**–मुकेश तिवारी–**

1907के पश्चात जब जब इसकी ईजाद हुई प्लास्टिक में हमारे जनजीवन में अहम भूमिका अदा की, और आज भी हमारे जीवन में इसकी मौजूद की बनी हुई है। 20वीं सदी का तथा कथित आश्चर्यजनक उत्पादन आज हमारे पर्यावरण का धीरे-धीरे गला दबोच रहा है, और हमारी पर्वत श्रृंखलाओं और समुद्री को दुत गति के साथ प्रदूषित करता जा रहा है। प्लास्टिक कितने दिनों में सड़ता है इसके बारे में निश्चित रूप से कोई नहीं जानता संभव है कि इसमें 450 वर्ष से अधिक का वक्त लग जाए पिछले तीन दशकों में प्लास्टिक के उत्पादन और खपत में काफी वृद्धि हुई है। आज दूध के बोतल, बैग से लेकर पानी की बोतले, बर्तन, पेन मोबाइल, घरेलू सामान सब कुछ प्लास्टिक से निर्मित है। यह मानव निर्मित होने की वजह से प्रकृति इसे स्वीकार नहीं करती। सिंगल यूज वाली प्लास्टिक की वस्तुओं ने पर्यावरण को काफी क्षति पहुंचाई है। इसकी कम कीमत के कारण इसका उत्पादन काफी बड़े पैमाने पर होता है, और इसके खतरनाक जहरीलेपन को नजरंदाज कर दिया जाता है।आज विश्व भर में 12 अरब टन प्लास्टिक मौजूद हैं, इसमें कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है, ऐसा कोई शहर नहीं बचा है। जहां प्लास्टिक कचरे के पहाड़ न बन चुके हो। आंकड़ों पर पर एतबार करें तो विश्व भर में महज पांच में से एक हिस्से के प्लास्टिक की रिसाइकिल हो पातीं है। इस तरह इसका 80फीसदी हिस्सा लैंडफिल साइट अथवा सीधे समुद्र में जा रहा है। प्लास्टिक स्तनधारियों को प्रत्यक्ष रूप से असमय ही मौत के मुख में पहुंचा रहा है। क्यों कि वे इसे गटक रहे हैं, या यह उनके खाने की वस्तुओं में मिल रहा है, ओर इस तरह पादप जीवन को नष्ट कर रहा है, और इसी तरह मानव को भी। हर साल एक लाख से अधिक समुद्री जीव जंतु प्लास्टिक में फंसने के कारण असमय ही मर जाते हैं। काफी बड़ी संख्या में ह्वेल, पक्षी, सील और कछुए समुद्र में प्लास्टिक की थैलियों के फेंके जाने के कारण मार जाते हैं। क्यों कि ये जीव जंतु इन प्लास्टिक की थैलियों को भोजन समझकर ग्रहण कर लेते हैं। शोधकताओं के मुताबिक बड़ी खबरें नदियों से होते हुए 95 फीसदी प्लास्टिक समुद्र में पहुंच रहा है। तकरीबन 1.5करोड टन प्लास्टिक समुद्र में कचरे के तौर पर फेंक दिया जाता है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा हिंद महासागर का है, इसके बाद यह कचरा कहा जाता है। यह आज भी एक रहस्य है, वैज्ञानिकों के मुताबिक ज्यादातर कचरा बंगाल की खाड़ी में जमा हो रहा है। विश्व भर में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जागरूकता तो आई है। दुनिया के तमाम देश ऐसे हैं जिन्होंने सिगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणमों को देखते हुए काफी लम्बे समय से इसके उत्पादन और उपयोग पर प्रतिबंध लगा रखा है। विश्व भर में ऐसे 16देश है, जिसमें यूके, अमेरिका, ताइवान जैसे देश शामिल हैं। इसके अलावा तकरीबन 127देश एक ऐसा कानून बनाने की तैयारी में है, जिससे प्लास्टिक का उत्पादन और उपयोग पूरी तरह से बंद किया जा सके। एशिया में सर्वाधिक प्लास्टिक का उत्पादन किया जाता है। हमारे देश में नगर निगमों के ठोस कचरा मैं इसकी मौजूद की सबसे ज्यादा होती है। अकेले हिंदुस्तान में 28, 940 टन प्लास्टिक कचरे का उत्पादन प्रतिदिन होता है और इसी तरह वह प्लास्टिक कचरे के उत्पादन में 10 फीसदी से अधिक का योगदान करता है। काबिलेगोर है कि समस्या प्लास्टिक के उत्पादन में इतनी नहीं है, बल्कि एक उपभोक्ता के रूप में इसके कुप्रबंध इसकी रिसाइकलिंग कि आप्रभावी नीतियों से और उत्पादको की कोई जिम्मेदारी नहीं होने से है। फिर कचरा प्रबंधन की बुनियादी सुविधा को उन्नत बनाना, इसमें नवाचार जिस द्रुत गति से प्लास्टिक कचरे का उत्पादन बढ़ रहा है उससे तालमेल मिलाकर नहीं चल रहा। कचरा इकट्ठा करने वालों और कबाडी वालों या स्क्रैप डीलरों की अनौपचारिक श्रृंखला की मदद से प्लास्टिक के बोतल कंटेनर आदि पुनः उपयोग में या रिसाइकलिंग के लिए पहुंच जाते हैं। हालांकि इस बात के ठोस प्रयास किया जा रहे हैं कि कठोर प्लास्टिक पैकिंग और रीसाइकिलिंग कंपनियां भी करें। लेकिन सिंगल प्रयोग वाले अन्य प्लास्टिक उत्पादनों जैसे थैली। कैंडी को लपेटने वाली प्लास्टिक, तंबाकू की पैकिंग के लिए प्रयुक्त होने वाले पाउच, साबुन की पैकिंग और शैंपू के खाली पाउच को जमा करना या तो बहुत ही दुरुह होता है या फिर इससे पैसे नहीं मिलते। इसका एक उदाहरण है ई कॉमर्स उद्योग कि शुरूआत होने के बाद से पैकिंग पैकेजिंग कचरे में वृद्धि हुई है। इसका पता इसी से चलता है की कुल उत्पादन के लगभग 40 फीसदी हिस्से का प्रयोग पैकिंग पैकेजिंग के लिए होता है ई-कॉमर्स उद्योग का उपभोक्ता आधार बढ रहा है क्योंकि यह सस्ता, सुलभ समय बचाने वाला होता है। कोई वही वस्तु जिसका ऑनलाइन ऑर्डर किया जाता है। वह प्लास्टिक बैग में पैक होकर आर्डर करने वाले के पास आता है। यह प्लास्टिक कचरे में इजाफा करता है। पिछले कुछ सालों में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने जैसे पूरी तरह से रोकने की दिशा में ठोस प्रयास हुए हैं और इसमें तेजी आ रही है। चीन एशिया में प्लास्टिक का सबसे बड़ा उत्पादक देश है उसने भी सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों को देखते हुए। पतले प्लास्टिक बैग्स को पूर्णत प्रतिबंधित कर दिया है और मोटे बैग्स पर रिटेलर से शुल्क वसूलना प्रारंभ कर दिया है। माना जाता है कि चीन सरकार की इस पहल से प्लास्टिक बैग के प्रयोग में 70 फीसदी कमी आई है। तेज गति से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था और 1.3 अरब की जनसंख्या के साथ भारत समुद्र में मिल रहे प्लास्टिक की कचरे में बड़ा योगदान करता है। उसको प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन में भी परेशानी हो रही है। सरकार और जनता प्लास्टिक के दुष्परिणामों को भली-भांति समझ रही है और इसे उचित अहमियत दी जा रही है सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तब तक सफल नहीं होगा जब तक कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति इसके प्रयोग को न ना कहे। केन्द्रीय सरकार ने भी स्वच्छ भारत और हर घर जल जैसी बड़ी योजनाओं के पश्चात अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने की युद्ध स्तर पर मुहिम छेड़ रखी है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से मोदी ने भारत को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने की घोषणा की थी। उस पर सख्ती से अमल किया जा रहा है। यूरोपीय यूनियन ने भी वर्ष 2021 से सिंगल उसे प्लास्टिक आइटम का उपयोग पूरी तरह से बंद कर का चुकी है जबकि चीन के कमर्शियल हब शंघाई ने भी सिंगल यूज प्लास्टिक पर साल 2025 तक पूर्ण का प्रबंध का लक्ष्य है। ऐसा नहीं है कि प्लास्टिक सिर्फ जमीन या जल स्त्रोतों को ही प्रदूषित कर रहा है एक रिपोर्ट के मुताबिक एक व्यक्ति हर सप्ताह एक क्रेडिट कार्ड के आकार जितना प्लास्टिक खा लेता है। जो कि तकरीबन 5 ग्राम जितना बजनी होता है। इसमें से ज्यादातर वह पानी के साथ पीता है। प्लास्टिक को समाप्त किए जाने के साथ-साथ हमें इसके कु प्रबंधन से भी रुवरु होना चाहिए और कैसे रीसाइकलिंग और दोबारा प्रयोग को मुख्यधारा में लाया जाए। इस बारे में भी बड़े स्तर पर जागरूकता और विश्व स्तर पर लक्ष्य के साथ सफाई अभियान चलाने की सख्त जरूरत है ताकि हम कितनी प्रगति कर रहे हैं इसकी जानकारी हमें मिलती रहे। सडने गलने वाले प्लास्टिक और शून्य कचरा की बात को सरकार और पर्यावरण के प्रति जागरूक लोग अब समझने लगे हैं इसे देखते हुए प्लास्टिक रीसाइकलिंग उद्योग में तेजी आने की उम्मीद की जा रही है। इस क्रांति से प्लास्टिक के उत्पादन में कच्चे माल को बचाने लैंड फील्ड की समस्या कम करने ऊर्जा की खपत कम करने में सफलता मिलेगी। पर्यावरण को ठीक रखने वाले कई तरह के विकल्पों में मदद से प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाई जा सकती है। विकल्प के तौर पर दांत साफ करने के लिए बांस का ब्रश, खाघ कटलरी, अपने आप सड़ने गलने वाले बैग अपने आप सड़ने गलने वाले सैनिटरी नैपकिन, गेहूं के तने आदि का प्रयोग शामिल है। कचरे से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इस तरह की योजना तैयार की जाए जिससे कि किसी सामान के प्रयोग के पश्चात उसे खुरदा विक्रेता को लौटा दिया जाए जो उसे उसके निमार्ता को वापस कर देगा। एक बार अगर या प्रक्रिया स्थापित हो जाती है तो इससे बड़ी सफलता मिलेगी

# सुधार के बावजूद संकटों से घिरा भारतीय विमानन क्षेत्र

**–प्रियंका सौरभ–**

भारत का विमानन क्षेत्र, जो वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के तहत एक मजबूत नियामक ढांचे के बावजूद, कोझीकोड (2020) में एयर इंडिया एक्सप्रेस दुर्घटना जैसी बार-बार होने वाली घटनाएँ विमानन सुरक्षा में प्रणालीगत चुनौतियों को उजागर करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने और यात्रियों का भरोसा सुनिश्चित करने के लिए इन मुद्दों पर विचार करना महत्त्वपूर्ण है। चिंतनीय स्थिति यह है कि अभी चाहे इंडिगो, स्पाइसजेट और गोएयर जैसी प्राइवेट कंपनियाँ हों या एयर इंडिया जैसी सरकारी कंपनी, लगभग सभी एयरलाइंस वित्तीय मोर्चे पर लगातार संघर्ष कर रही हैं। बोइंग 737 मैक्स विमानों को परिचालन से हटा दिये जाने के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। भारतीय विमानन बाजार में विमान किराए तेजी से बढ़ रहे हैं। इस कारण मध्यम वर्ग के यात्री जो इकोनॉमी क्लास में यात्रा करते थे, वे अब ट्रेन से यात्रा को तरजीह दे रहे हैं।

भारत का विमानन बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है, जिसमें हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है। दिल्ली के टर्मिनल 3 और बैंगलोर के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसे आधुनिक हवाई अड्डों का निर्माण मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास को दशार्ता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ऑपरेटरों और विमानों के लिए सुरक्षा अनुपालन और प्रमाणन सुनिश्चित करता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की वार्षिक सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट एयरलाइनों और हवाई अड्डों के परिचालन मानकों का मूल्यांकन करती है। भारत अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन अनुलग्नक 13 पर हस्ताक्षरकर्ता है, जो दुर्घटनाओं की जांच और वैश्विक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करता है। कोझिकोड दुर्घटना (2020) के बाद, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन-अनुरूप सुरक्षा ऑडिट किया और सुधारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रमुख भारतीय वाहकों

> नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के ऑडिट अक्सर हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और संचालन में महत्त्वपूर्ण सुरक्षा अंतराल की पहचान करने या उन्हें सम्बोधित करने में विफल रहते हैं। मुंबई (2019) और हुबली (2015) जैसे हवाई अड्डों पर ओवररन अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप हुए। ऑन–टाइम परफॉरमेंस पर अत्यधिक जोर पायलटों को सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए जोखिम भरे निर्णय लेने के लिए मजबूर करता है। मंगलुरु दुर्घटना (2010) दबाव के कारण हुई, जिसमें पायलट ने गो–अराउंड चेतावनियों को खारिज कर दिया।

ने सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं वाले आधुनिक विमानों को अपनाते हुए अपने बेड़े का विस्तार किया है। इंडिगो एयरलाइंस एयरबस ए320नियो का संचालन करती है, जो ईंधन दक्षता और सुरक्षा उन्नयन के लिए जानी जाती है। 2016 की राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति विकास, क्षेत्रीय संपर्क और विमानन बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उड़ान योजना ने सब्सिडी और प्रोत्साहन के माध्यम से क्षेत्रीय हवाई यात्रा को सुलभ बनाया।

बार-बार होने वाली विमानन सुरक्षा घटनाओं की चुनौतियों में रनवे भ्रम सबसे पहले है। पायलटों को अक्सर टैक्सीवे और रनवे के बीच अंतर करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे गलत सतहों पर टेकऑफ या लैंडिंग होती है। मोपा घटना (2024) और सुलूर एयर बेस घटना (1993) बार-बार होने वाले रनवे भ्रम को उजागर करती हैं। उड़ान और ड्यूटी समय विनियमों के अपर्याप्त कार्यान्वयन से चालक दल थक जाता है, जिससे निर्णय लेने और परिचालन सुरक्षा से समझौता होता है। कोझिकोड दुर्घटना में पायलट थका हुआ था, जिसके कारण कैप्टन पर बाद की उड़ानों को संचालित करने का दबाव था। एयरलाइंस रनवे मार्किंग और एप्रोच प्रोटोकॉल पर पर्याप्त पायलट प्रशिक्षण प्रदान करने में विफल रही, जिसके कारण बार-बार गलतियाँ हुईं। स्पाइसजेट विमान (2020) को रनवे एप्रोच तकनीकों के अनुचित ज्ञान के कारण कठिन लैंडिंग का सामना करना पड़ा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के ऑडिट अक्सर हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और संचालन में महत्त्वपूर्ण सुरक्षा अंतराल की पहचान करने या उन्हें सम्बोधित करने में विफल रहते हैं। मुंबई (2019) और हुबली (2015) जैसे हवाई अड्डों पर ओवररन अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप हुए। ऑन-टाइम परफॉरमेंस पर अत्यधिक जोर पायलटों को सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए जोखिम भरे निर्णय लेने के लिए मजबूर करता है। मंगलुरु दुर्घटना (2010) दबाव के कारण हुई, जिसमें पायलट ने गो-अराउंड चेतावनियों को खारिज कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखित करने के लिए व्यापक सुधार पायलट प्रशिक्षण में वृद्धि, एयरलाइंस को रनवे भ्रम और स्थिर दृष्टिकोण जैसे परिदृश्यों के लिए सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण में सुधार करना चाहिए। सिंगापुर एयरलाइंस ने ताइवान दुर्घटना (2000) के बाद पायलट प्रशिक्षण को संशोधित किया, ताकि इसी तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। चालक दल की ड्यूटी सीमा के लिए वैश्विक मानकों को लागू करें और बिना किसी समझौते के अनुपालन को लागू करें। यू.एस. संघीय उड्डयन प्रशासन ने उड़ान चालक दल के लिए सख्त विश्राम अवधि अनिवार्य की है, जिससे थकान से होने वाली गलतियाँ कम होती हैं। पारदर्शिता और सीखने को सुनिश्चित करने के लिए दुर्घटना की जाँच के लिए एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना करें। यू.एस. में राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमानन घटनाओं की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित करता है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठनमानकों को पूरा करने के लिए रनवे मार्किंग, नेविगेशन एड्स और लाइटिंग सिस्टम सहित हवाई अड्डे के बुनियादी ढाँचे को अपग्रेड करें। सिंगापुर और दुबई में आधुनिक हवाई अड्डे (इंजीनियर्ड मैटेरियल अरेस्टिंग सिस्टम) जैसी उन्नत प्रणालियों के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। पायलटों को दोष देने से हटकर न्यायपूर्ण संस्कृति को बढ़ावा देना, प्रतिशोध के डर के बिना त्रुटि रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करना। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की वैश्विक विमानन सुरक्षा योजना एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में सुरक्षा संस्कृति पर जोर देती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विमानन सुरक्षा वैश्विक मानकों के अनुरूप हो, भारत को एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, नियामक निरीक्षण को बढ़ाना, उन्नत तकनीक में निवेश करना और कौशल विकास को प्राथमिकता देना, घटना रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करना, सुरक्षा-प्रथम संस्कृति का निर्माण करना और अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ सहयोग करना इस क्षेत्र को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाएगा, यात्रियों का विश्वास, परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करेगा और वैश्विक विमानन सुरक्षा मानकों में भारत का नेतृत्व सुनिश्चित करेगा। विमानन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिये सरकार को विमानन नीति में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है। विमानन क्षेत्र में दीर्घकालीन ढाँचागत सुधार किये बिना कुछ हासिल नहीं हो सकता। इसके लिये सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, बैंकों और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा ऐसे कदम उठाना आवश्यक है जिनसे विमानन कंपनियाँ घाटे के दुष्चक्र से बाहर निकल सकें।

# हरिद्वार पुलिस की गौतस्कर बदमाश के साथ हुई मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली, रुड़की सरकारी अस्पताल से एम्स रेफर



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार** थाना भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत हसनपुर डाडाजलालपुर के पास चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से आ रहे बदमाश को रुकने का इशारा करने पर बदमाश द्वारा पुलिसटीम पर फायर किया गया और नदी की तरफ मोटरसाइकिल भगा दी जब पुलिस टीम द्वारा बदमाश को घेर लेने पर आत्म समर्पण हेतु कहा तो बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फिर से फायर किया गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी जिस्को इलाज हेतु तत्काल रुड़की सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से एम्स ऋषिकेश हेतु रेफर किया गया है। मौके से मोटरसाइकल, तमंचा खोखा बरामद हुआ है। प्रारंभिक जानकारी में बदमाश इस्तेकार उर्फ अमरूद उर्फ लौटा पुत्र इरफान उर्फ फना निवासी सिकरौदा थाना भगवानपुर हरिद्वार, गौकशी एवं चोरी का अपराध करता था एवं 10000 का इनामी अपराधी था।अन्य विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

आपराधिक इतिहास इस्तेकार

आपराधिक इतिहास अभियुक्त इस्तकार पुत्र इरफान उर्फ फान्ना निवासी ग्राम सिकरौडा थाना भगवानपुर

1 मु0अ0सं0 888/24 धारा 303(2)/317 बीएनएस व धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधि0 भगवानपुर

2 मु0अ0सं0 910/24 धारा 303(2)/317 बीएनएस व धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधि0 भगवानपुर

3 मु0अ0सं0 1038/22 धारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधि0 भगवानपुर

4 मु0अ0सं0 518/18 धारा 457/380 आईपीसी भगवानपुर

5 मु0अ0सं0 127/11 धारा 457/380 आईपीसी थानेसर कुरक्षेत्र हरियाणा

6 मु0अ0सं0 295/11 धारा 395/420/120 बी आईपीसी थानेसर कुरक्षेत्र हरियाणा

7 मु0अ0सं0 133/17 धारा 414 आईपीसी को0 देहात सहारनपुर

# प्रकाश पर्व धूमधाम से धर्मनगरी में मनाया गया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार**/ सिक्ख समाज के दसवें गुरु साहिब ए कमाल, सरबंश दानी गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व धूमधाम से धर्मनगरी में मनाया गया। धर्मनगरी के गुरुद्वारों गोल गुरुद्वारा, गुरु नानक दरबार भेल, गुरु सिंह सभा, ज्वालापुर, कृष्णा नगर गुरुद्वारे में सुबह से ही श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के आगे माथा टेकने श्रद्धालुगण पहुंचे। जहां पर शबद कीर्तन और कथा से जत्थे रागियों ने संगत को निहाल किया। कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे से सुबह प्रभात फेरी प्रेमनगर पुल स्थित गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी धरना स्थल तक निकाली गई। गुरुद्वारों में सुखमणि साहिब पाठ, अखंड पाठ का आयोजन कर अटूट लंगर बरताया गया।

इस अवसर पर संत जगजीत सिंह शास्त्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म और कौम के लिए अपना पूरा परिवार बलिदान कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर मनुष्य अपना जीवन सफल बना सकता है। गुरु गोबिंद सिंह शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। अपने महापुरुषों को भी नहीं भूलना चाहिए। इस अवसर पर संत तरलोचन सिंह, अपनिंदर कौर, हरविंदर सिंह, इंदरजीत सिंह बिट्ठू, सरबजीत सिंह, सतवंत सिंह, अमरीक सिंह, सुखविंदर सिंह, संजीव चड्ढा, कुलदीप सिंह, गजेन्द्र ओबेरॉय, सुरेंद्र मठारु, नैनी, मिक्की, प्रभजीत सिंह, गगनदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोनिका कुमार, हरदीप सिंह, सुमन शर्मा, सरबजीत कौर, महिंद्र सिंह, विक्रम सिंह, गगनप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी पार्षद प्रत्याशी कौशल्या देवी के चुनाव कार्यालय उद्घाटन किया गया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार**/ कनखल स्थित वार्ड 25 आचार्यन स्थित बाल्मिकी बस्ती में आम आदमी पार्टी पार्षद प्रत्याशी कौशल्या देवी के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन जिलाध्यक्ष संजय सैनी और मेयर प्रत्याशी शिप्रा सैनी ने किया। इस अवसर पर संजय सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के 28 प्रत्याशी मैदान में हैं। सभी को वार्ड के स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है। इस बार आम आदमी पार्टी के पार्षद नगर निगम में पहुंचेंगे। मेयर प्रत्याशी शिप्रा सैनी ने कहा कि लोग भाजपा और कांग्रेस से तंग आ चुके हैं और आम आदमी पार्टी की तरफ बढ़ रहे हैं। पार्षद प्रत्याशी कौशल्या देवी ने कहा कि परिवार के साथ-साथ वार्ड के लोगों का भी स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है। आम आदमी पार्टी द्वारा उन पर जो विश्वास जताया गया है उस पर खरा उतरेंगी। इस अवसर पर रेखा बाल्मिकी, शिशुपाल नेगी, आशा, अमनदीप, विनोद, नीरज, अमरीश गिरी, आकाश, सुनील, अखिलेश, बबली, किरण, तुलसा, कल्पना, रवि कुमार, अनिता, सुनीता, सुमित्रा, बबलू, बलराम, परवीन, शीतल, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

## चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

ब्रह्मपुरी हरिद्वार वार्ड नंबर 9 से आजाद उम्मीदवार श्रीमती निशा चौहान क्षेत्र में बहायेगी विकास की गंगा हरिद्वार (वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर मनोजानन्द) 6 जनवरी 2025 ब्रह्मपुरी वार्ड नंबर 9 से आजाद उम्मीदवार के रूप जनता के बीच अलमारी चुनाव चिन्ह लेकर विकास की गंगा बहाने की उम्मीद लेकर चुनाव मैदान में उतरी है आज उनके कार्यालय का उद्घाटन हुआ इस अवसर पर भारी जन सैलाब उनके समर्थन में देखने के लिए मिला उनके समर्थन में लोग नारेबाजी करते हुए कह रहे थे गली गली में शोर है श्रीमती निशा चौहान का जोर है जीतेगी भाई जीतेगी श्रीमती निशा चौहान जीतेगी इस अवसर पर कार्यालय उद्घाटन के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्रीमती निशा चौहान ने कहा मैं आपकी सेवा करने की उम्मीद लेकर आपके बीच आई हूं और मुझे पूर्ण उम्मीद है कि आपका प्यार और वोट दोनों मुझे मिलेंगे मैं आपकी सेवक बनाकर आपकी सेवा करूंगी बिजली पानी शिविर जैसी अनेकों समस्याओं का समय रहते निस्तारण करूंगी मेरी प्रमुखता क्षेत्र की जनता के लिए रेलवे लाइन के ऊपर पूर्व की तरह पुल बनवाने का रहेगा मै आपके सभी दुख दर्द में आपके साथ खड़ी रहूंगी मैं आपको वचन देता हूं कि आपकी बहन आपकी बेटी बनकर आपकी सेवा में तत्पर खड़ी रहूंगी

# जवानों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की पहल



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

जया मैक्सवैल अस्पताल के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य स्तर पर सुधार के जवानों को दिए सुझाव एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के दिशा-निर्देशन में आज जया मैक्सवेल अस्पताल हरिद्वार के समन्वय से थाना बहादराबाद परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया। जॉच शिविर में डॉक्टर आकाश व सहयोगियों द्वारा थाना परिसर में 45 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। डॉक्टरों द्वारा पुलिस कर्मचारियों का इढ, ढ४'२, रढड2, ळीस्त्र., फ्इर, एउऋ ब्लड टैस्ट कर उत्तम स्वास्थ्य के लिए अपने सुझाव दिए। जया मैक्सवैल अस्पताल द्वारा पुनः स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन करने की इच्छा जताई।

## गली गली में शोर है वार्ड नंबर 25 पार्षद पद हेतु श्रीमती कौशल्या का जोर है



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** को कनखल मोहल्ला आचायार्यान वार्ड नंबर 25 की आम आदमी पार्टी की पार्षद पद की उम्मीदवार श्रीमती कौशल्या देवी के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर एक भारी जन सैलाब उमर पाड़ा जिसे देखकर अन्य दलों के प्रत्याशियों की बाछे ढीली होती नजर आई इस अवसर पर बोलते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री संजय सैनी ने कहा श्रीमती कौशल्या आम जनमानस से जुड़ी क्षेत्र की युवा कर्मठ नेता है उन्हें जो आपका प्यार और सहयोग मिल रहा है वही उन्हें भारी मतों से जीत दिलायेगा इस अवसर पर एक विशाल जनसंपर्क रैली भी निकली गई रैली श्रीमती रेखा वाल्मीकि शीतल चंचल के नेतृत्व में निकल गई जिसमें जनता का विशेष सहयोग रहा आम जनमानस नारे लगा रहे थे गली गली में शोर है वार्ड नंबर 25 में श्रीमती कौशल्या देवी का जोर है जीतेगी भाई जीतेगी कौशल्या देवी जीतेगी

## लड़ झगड़कर शांति भंग करने वालों पर हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जनपद हरिद्वार पुलिस शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं, कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस गश्त के दौरान निकेतन तिराहे के पास 03 व्यक्ति आपस में मारपीट और लेन-देन को लेकर विवाद कर रहे थे पुलिस ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन तीनों व्यक्ति अत्यधिक उत्तेजित होकर और अधिक झगड़े पर उतारु हो गए। शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तीनों व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में लिया गया।

तीनों व्यक्तियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

नाम व पता आरोपित

पार्टी प्रथमः

1.मुन्ना पुत्र निर्मल निवासी लालजीवाला कबाड़ी बस्ती रोडीबेलवाला, उम्र 21 वर्ष

2.राकेश पुत्र सूरज, निवासी उपरोक्त, उम्र 19 वर्ष

पार्टी द्वितीयः

1.साजन पुत्र अब्दुल रहमान, निवासी लालजीवाला कबाड़ी बस्ती रोडीबेलवाला, उम्र 19 वर्ष

पुलिस टीमः

1.उ0नि0 संजीत कंडारी

2.कानि0 नापु राहुल धानिक

3.कानि0 नापु संदीप रावत

# भारतीय जनता पार्टी के मुख्य चुनाव कार्यालय के उद्घाटन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न वार्डों में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा मेयर प्रत्याशी किरण जैसल ने किया भाजपा चुनाव कार्यालय गऊघाट शारदा नगर रविदास बस्ती गोविंदपुरी सप्त ऋषि दुर्गा नगर बिलुकेश्वर नगर शिवलोक ऋषिकुल टीबडी पीठ बाजार ब्रह्मपुरी मायापुर में खोले गए चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मेयर प्रत्याशी श्री मति किरण जैसल ने कार्यकताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा जो विकास का पर्याय बन चुकी है मेयर पद पर विजय होने के पश्चात विकास की गति को और तेजी प्रदान करेगी नगर निगम चुनाव प्रभारी ज्योति गैरोला ने कार्यकताओं का



आह्वान किया कि वह इस चुनाव के परिणामों से यह दर्शा दिया है की हरिद्वार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सबसे मजबूत गढ़ है अपने संबोधन में विधायक मदन कौशिक ने कहा हरिद्वार की जनता ने हमेशा से ही भाजपा को भारी समर्थन दिया है और और जनता के आशीर्वाद से आभास होने लगा है कि मेयर किरण जैसल और वार्डों में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी जीत के नए रिकॉर्ड स्थापित करेंगे

प्रथम मेयर मनोज गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा कार्यकताओं का जोश दर्शा रहा है कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जप्त होगी जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर जुट जाने का आह्वान किया इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी हिमांशु आडवाणी पिंकी चौधरी भूपेंद्र कुमार ममता नेगी आकाश भाटी सूर्यकांत शर्मा सचिन कुमार निशा नौटियाल ललित रावत रानी देवी मोनिका वर्मा निशांत मंजू रावत ने प्रत्याशी किरण जैसल को आश्वस्त किया भारतीय जनता पार्टी उनके क्षेत्र से भारी बहुमत से विजय होगी।

# वार्ड 42 कांग्रेस प्रत्याशी पति ने वार्ड उत्थान सेवा समिति से मुलाकात कर किया आग्रह














मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार/ज्वालापुर** वार्ड नंबर 42 घासमंडी वाल्मीकि बस्ती ज्वालापुर से कांग्रेस प्रत्याशी कृतिका धर्मपत्नी मयंक द्वारा वाल्मीकि बस्ती स्थित वार्ड उत्थान सेवा समिति से आग्रह कर सहयोग और आशावाद मांगा, जिसमें वार्ड उत्थान सेवा समिति के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन कर वार्ड उत्थान सेवा समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों को सुचित किया गया, मीटिंग में वाल्मीकि समाज के बड़े छोटे और युवाओं ने सैकड़ों की संख्या में बढ़ चढ़ कर अपनी उपस्थित दर्ज कराई सभी के समक्ष कांग्रेस सभासद प्रत्याशी कृतिका के पति मयंक ने निवेदन करते हुवे अपनी बात रखी, कहा कि जैसे वाल्मीकि समाज ने हमारे परिवार के सदस्य विधायक इं0 रवि बहादुर का सहयोग करते हुए उन्हें विधायक पद पर पहुंचाया है ऐसे ही मैं भी अपेक्षित हूं कि मेरी धर्म पत्नी को भी हमारे पूरे वाल्मीकि समाज व वार्ड 42 की जनता का सहयोग और आशीर्वाद मिलेगा और भारी मतों से विजय दिलाएंगे,इसी के साथ वार्ड उत्थान सेवा समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारी गणों गणों ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि समाज हित में जो भी सहयोग बनेगा वार्ड उत्थान सेवा समिति आपके लिए तत्पर रहेगा वार्ड उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष व महामंत्री और कोषाध्यक्ष ने आए हुए सभी सदस्य व पदाधिकारी गणों का पार्षद पद दावेदार प्रत्याशी पति मयंक के द्वारा माल्या अर्पण कर स्वागत कराया, मीटिंग के आयोजन में पहुंचे सदस्यों पदाधिकारी गणों आभार व्यक्त करते हुए मयंक ने कहा कि, मैं और मेरी पत्नी समाज के साथ हर सभी छोटे बड़े समाज उत्थान कार्यों में सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे, चौधरी किरणपाल वाल्मीकि ने मुख्य तो पर सबका आभार व्यक करते हुवे वार्ड उत्थान सेवा समिति अध्यक्ष के को माला पहनाते हुवे कहा कि वार्ड उत्थान सेवा समिति अनेकों वर्षों से वाल्मीकि समाज के उत्थान के लिए कार्यरत है और वार्ड उत्थान सेवा समिति में सभी युवा पढ़े-लिखे और सक्षम युवा है और उनके सहयोग में वाल्मीकि समाज के मुख्य मौजीज लोग संरक्षक रूप में सहयोग करते हैं मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि ऐसे ही वाल्मीकि समाज उत्थान के लिए हमेशा युवा बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देते रहे और वार्ड उत्थान सेवा समिति का परिवार आगे बढ़ता रहे और सामाजिक कार्य करते रहे, मुख्य संरक्षक चौधरी अरविंद चंचल व शोभाराम गोगलिया ने सेलफोन पर कोल कर कर मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड उत्थान सेवा समिति के सभी कार्यों में जैसे हम अपना सहयोग देते हैं वैसे ही इस निर्णय पर भी हम पूर्ण सहमति जताते हुए अपना सहयोग और आशीर्वाद देते है, बैठक में मौजूद रहने वालों में वार्ड उत्थान सेवा समिति अध्यक्ष अमित मंगोलिया, महामंत्री सुनील दत्त, कोषाध्यक्ष अमरदीप छाछर, उपाध्यक्ष अनिल तेश्वर, उपकोषाध्यक्ष नवीन बिरला, मुख्य सलाहकार अंकित सूद, सदस्यों में प्रिंस गोगलिया,मनीष चंचल,सुमित चंचल,मयंक प्रधान,सागर बैनीवाल,दीपांशु चंचल,साहिल,एस पी सिंह (संरक्षक) लक्ष्मीचंद हवलदार (संरक्षक) राजू डॉन,नाथीराम,प्रेम यादव,सुनील यादव,अनिल तेश्वर,शराजू, सुनील सिलेलान आदि वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे




## भाजपा की सभासद प्रत्याशी नीलम खटाना ने अपना प्रचार प्रसार तेज किया



मिशन नेशनल न्यूज /नाथीराम कश्यप

**लक्सर, उत्तराखंड,**लक्सर में केशव नगर पूर्वी वार्ड नंबर 11 से भाजपा की सभासद प्रत्याशी नीलम खटाना ने अपना प्रचार प्रसार तेज कर दिया है, रविवार को नीलम खटाना ने डोर टू डोर वार्ड में माताओं और बहनों के बीच जाकर अपने लिए वोट मागें, और वार्ड में फिर से कमल का फूल खिलाने की लोगो से अपील की। समाचार बात करते हुए उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 11 से उनके देवर विकास खटाना पूर्व सभासद रहे जिन्हें वार्ड का प्यार मिला और उन्होंने खूब विकास कराया, उन्होंने बताया कि अबकी बार उन्हें भाजपा पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है, वह वार्ड में डोर टू डोर जनता के बीच जा रही है, और उन्हें भी लोगो का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और प्यार जिस तरह से उन्हें मिल रहा है, अगर वह सभासद बनती है, तो वार्ड के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी, लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, उन्होंने कहा कि वार्ड की गलियों में नियमित साफ सफाई व रोशनी के लिए लाइटे लगाई जाएंगीं, बिजली, पानी, राशन से लेकर पेंशन योजना का लाभ सभी को उपलब्ध कराया जाएगा।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार



मिशन नेशनल न्यूज /नाथीराम कश्यप

लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए थे, जिसमें सूचना मिली थी की एक व्यक्ति क्षेत्र अंतर्गत सड़क पर सरेआम शांति व्यवस्था भंग कर रहा था, सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया, पुलिस के द्वारा उस व्यक्ति को काफी समझाने का प्रयास किया गया, वह नहीं माना, और मरने मारने पर उतारू हो गया, किसी संज्ञेय अपराध को दृष्टिगत रखते हुए, उस व्यक्ति को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया, पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम रवि पुत्र सुरेश पाल, निवासी लक्सर रोड निकट पेट्रोल पंप थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया, उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पकड़े गए व्यक्ति को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अपमान जनक वीडियो लगाने पर पुलिस में पत्र देकर कार्यवाही की मांग



मिशन नेशनल न्यूज /नाथीराम कश्यप

लक्सर में दीव्यांग जनों के द्वारा दीव्यांग व्यक्ति के खिलाफ सोशल मीडिया अपने स्टेटस पर अपमान जनक वीडियो लगाने पर पुलिस में पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है, दीव्यांग सतेंद्र पुत्र चंद्रपाल निवासी गांव अकबर पुर ऊद ने पुलिस में पत्र देकर बताया की मेरे पास सोशल मीडिया की एक वीडियो आई जिसको नेहन्दपुर सूठारी के निवासी अक्षय कुमार पुत्र वीर सिंह ने अपने फेसबुक स्टेटस पर लगा रखी थी, स्टेटस में एक दीव्यांग व्यक्ति अपनी ट्राई साइकिल से नीचे गिर जाता है, इस पर अक्षय ने वीडियो पर साला लगंडा घोड़ा, लाल अक्षर व कमेंट बॉक्स में बहुत दुख भरी पोस्ट कर रखी थी, जब ऐसे लोग जिंदा बच जाते हैं, इस वीडियो के लाल अक्षर भाई वही बात है कैंपशेन मैं दीव्यांग की भावना आहत होने के साथ-साथ बहुत दुखी होते हैं। भारतीय सविधान ने दिव्यागों को भी समाज में जीने के साथ अधिकार दिये तथा समाज में सम्मान से जीने का प्रावधान किया, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विकलांग को बदलकर दीव्यांग नाम दिया है, उन्होंने मांग की है, की इस तरह की पोस्ट अपने स्टेट्स पर लगाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई की जाए उनके साथ दर्जनों दीव्यांगजन मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे में रक्तदान शिविर आयोजन



**मिशन नेशनल न्यूज /नाथीराम कश्यप**

परिवर्तन चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से फतवा गांव के गुरुद्वारे में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया है। इस रक्त दान शिविर में कुल 24 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया है।

सोमवार को फतवा गांव के गुरुद्वारे साहेब में गुरुद्वारा कमेटी के सौजन्य से परिवर्तन चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान डॉ इंदु शर्मा एमडी पैथोलॉजी ने कहां कि रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का संचार होता है। दूसरी और हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी को जीवन दान मिलता है। डॉक्टर इंदु शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 24 लोगों ने रक्तदान किया है। जिनसे 24 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ है। रक्त दान करने वालों मैं प्रधान हरदीप सिंह, उपप्रधान देवेंद्र सिंह, पवनदीप सिंह, सुखचैन सिंह, प्रगट सिंह, जोध सिंह, गुलाब सिंह,आदि रहे। इस दौरान शिविर में डॉक्टर अभिषेक, शिवम कुमार, आकांक्षा, अमन रणधावा आदि डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

# बिंदाल पुल पर हुआ आम आदमी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

आप मेयर प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने गिनवाई अपनी प्राथमिकताएं देहरादून के प्रमुख चौक बिंदाल पुल के समीप आम आदमी पार्टी के अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पवित्र अरदास के उपरांत हवन कर उद्घाटन किया गया

इस मौके पर देहरादून समेत समस्त प्रदेश-ावासियों की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। आगामी नगर निगम चुनावों में प्रभु हमें भाजपा-कांग्रेस की जनता विरोधी नीतियों से डटकर लड़ने की शक्ति प्रदान करें और आगामी चुनाव में देहरादून के कल्याण के लिए आम आदमी पार्टी को जनता का समर्थन हासिल हो ऐसी मेरी प्रार्थना की गई।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी की ओर से मेयर प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि मेयर बनने के बाद का उनका विजन बिल्कुल क्लियर है की 5 साल का कार्यकाल और पांचवा मेयर होने के नाते मेरे पांच प्रमुख कार्य इस प्रकार रहेंगे ..

पूरे देहरादून शहर में 5 लाख सीसीटीवी




कैमरे लगवाना जिससे कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके वहीं दूसरी पार्किंग जॉन्स स्थापित करना 100 शब्द में 100 पार्किंग जोन बनाए जाएंगे नगर निगम की जो खाली जमीन पड़ी है उनको पार्किंग के लिए इस्तेमाल कर पार्किंग की समस्या से निजात पाया जाएगा तीसरा

कूड़ा नितारण कर कंपोस्ट बनाना, अभी तक जो कूड़ा एक डंपिंग जोन में इकट्ठा हो रहा था उसको वेस्ट मैनेजमेंट मशीन के माध्यम से कंपोस्ट में कन्वर्ट करके किसानों को मुफ्त कंपोस्ट मुहैया कराई जाएगी जिससे कूड़े का भी निस्तारण होगा और किसानों का भी फायदा होगा चौथ किन्नर समाज के लिए स्वरोजगार की योजनाएं चला कर उनका मुख्य धारा से जोड़कर उनको स्वरोजगार महिया कराया जाएगा पांचवा युवाओं को पर्यावरण से जोड़कर देहरादून की खूबसूरती को वापस लाने के लिए ट्री प्लांटेशन ड्राइव्स आदि चलाई जाएगी एवं जगह पर पौधारोपण एवं पौधों की सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि यह कुछ प्रमुख पांच चीज हैं जो उन्होंने सोची हैं कि वह यदि मेयर जीत कर आते हैं जनता उनका समर्थन देती है तो वह अपना कार्य इन्हीं प्राथमिकताओं के साथ करेंगे इस मौके पर कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से कलर प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चौधरी विपिन खन्ना जसबीर सिंह श्याम लाल नाथ डॉक्टर अंसारी मुकुल बिरला डीके पाल सुधा पटवाल सुधीर पंत रविंद्र सिंह ज्यादा विनोद बजाज संजय छेत्री हरि सिमरन आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे

# थाना पटेलनगर में लूट के मोबाईल के साथ दो लुटेरे गिरफ्तार

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

देहरादून ।पुलिस ने मोबाइल लूट की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में शामिल 2 आरोपियों को लूटे गये मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तार आरोपी ने पटेलनगर क्षेत्र में युवती के हाथ से मोबाईल छीना था। लुटेरे मोबाइल का लॉक तुड़वाकर उसे बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को बरामद करसीज किया है।

वादिनी शिवानी पुत्री जगतराम निवासी देहराखास ने थाना पटेलनगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दून पंजाबी ढाबे के सामने दो स्कूटी सवार युवकों ने उनके हाथ से उनका मोबाइल फोन One Plus कम्पनी रंग नीला झपटा मारकर छीन लिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया।

घटना की गंभीरता के दृष्टिगत उसके अनावरण तथा लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी के निदेशों पर कोतवाली पटेलनगर पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम ने घटना स्थल व आने-जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक करते हुए सन्दिग्ध व्यक्तियों का हुलिया प्राप्त किया गया व सुरागरसी



व पतारसी कर मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस के लगातार किये जा रहे प्रयासों से सोमवार को पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अर्द्ध निर्मित फ्लाईओवर बॉम्बेबाग भण्डारीबाग से घटना में शामिल अकरम पुत्र मौ. फरीद व साकिब पुत्र फईम को घटना में लूटे गये मोबाइल फोन One Plus कम्पनी व घटना मे प्रयुक्त वाहन स्कूटी संख्या यूके 07बीएम 0913 के साथ गिरफ्तार किया गया।

# आईसीएस के ऑनलाइन एक्जाम सेंटर से चमन विहार के क्षेत्र वासियों में भारी आक्रोश देहरादून के जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

आईसीएस की परीक्षा शुरू होते ही सुबह 7:00 से शाम 7:00 बजे तक निरंजनपुर चमन विहार के क्षेत्रवासी जाम से परेशान आईसीएस (भारतीय कंपनी की परीक्षा सुबह 7:00 से लेकर शाम 7:00 बजे तक चमन विहार के क्षेत्र वासियों ने क्षेत्र में उनकी गाड़ियों के जाम को लेकर भारी आक्रोश जहां आज देहरादून के जिलाधिकारी से मिलकर देंगे शिकायती पत्र चमन विहार के लोगों ने बताया कि दा इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया आईसीएस कम्पनी के द्वारा कई संस्थाओं की ङ्खल्ल'ल्ली परीक्षा बीते कई महीनों से सुबह 7:00 से लेकर शाम 7:00 बजे तक प्रतिदिन कई शिफ़्टों में आयोजित की जा रही हैं जिस कारण कालोनी के मुख्य द्वार पर परीक्षाथीयों व अभिभावकों की गाड़ियों का जमवाड़ा लगा रहता है आड़े तिरछे वाहनों के लगने से हर वक्त जाम लगा रहता है साथ ही परिक्षाथीयों की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कॉलोनी की महिलाओं के साथ अभद्र टिप्पणी व छेड़-छाड की घटनाएँ भी आये दिन हो रही हैं जिससे हाल में हमारी बुजुर्ग माता 80 साल की अचानक तबियत बिगड़ जाने से जैसे ही घर से लेकर निकले तो घर के बाहरी कुछ दूरी पर ले जाने में हम गाड़ियों के जाम से असमस्तक हो गए खुदा ना खस्ता अगर कोई बात हो जाती तो उसका जिम्मेदार कौन होता ऐसे रोज के जमवाड़े से हम सभी चमन विहार के क्षेत्र वासियों को जिलाधिकारी महोदय निजात दिलाए

# सूचना आयुक्त विपिन चन्द्र को मिला मुख्य सूचना आयुक्त का प्रभार

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

## सूचना आयुक्त विपिन चन्द्र को मिला मुख्य सूचना आयुक्त का प्रभार

## प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया



**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

देहरादून। राज्य सूचना आयुक्त विपिन चन्द्र ने सोमवार को प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड सूचना आयोग के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व में रहे प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त विवेक शर्मा का कार्यकाल 4 जनवरी को पूर्ण होने पर सामान्य प्रशासन विभाग ने उत्तराखण्ड सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होने के उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक मुख्य सूचना आयुक्त के कार्यों का साधारण अधीक्षण, निर्देशन और प्रबन्ध करने के लिए विपिन चन्द्र को नामित किया गया। यह आदेश सचिव विनोद सुमन की ओर से जारी किया गया। विपिन चन्द्र भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। उनके द्वारा राज्य सूचना आयुक्त के रूप में 3 मार्च, 2022 को कार्यभार ग्रहण किया गया। इससे पूर्व वे मुख्य आयकर आयुक्त, उत्तराखण्ड के पद पर आसीन रहे।

# नशा तस्करों के विरूद्ध जारी है दून पुलिस का एक्शन

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

अलग-अलग क्षेत्रों से अवैध मादक पदार्थो के साथ 03 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

अभियुक्तों के कब्जे से लाखों रु0 मूल्य के मादक पदार्थ (21.98 ग्राम अवैध स्मैक तथा 506 ग्राम चरस) हुए बरामद।अभियुक्तों के विरूद्ध अलग- अलग थानो में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग किये गए पंजीकृत।

गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक अभियुक्त पूर्व में भी कई बार जा चुका है जेल, अभियुक्त के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के साथ- साथ पंजीकृत हैं विभिन्न आपराधिक मामलों के 05 अन्य अभियोग।*

आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त आदेशों के अनुपालन में दून पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।     अभियान के तहत दून पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है:-

01- थाना सेलाकुई*

506 ग्राम अवैध चरस के साथ 01 अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सेलाकुई पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त शाहरुख को अवैध मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त की तलाशी में उसके पास से कुल 506 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सेलाकुई पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।अभियुक्त सहरानपुर से चरस को कम दामों पर लाकर देहरादून में औद्योगिक क्षेत्र तथा शैक्षिक संस्थानों के पास में आकर मजदूर तथा पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ऊंचे दामों पर बेचता था।

1- शाहरुख पुत्र मोहम्मद नानू निवासी छोटा रामपुर, थाना सहसपुर, उम्र 24 वर्ष

506 ग्राम अवैध चरस (अनुमानित कीमत लगभग 1,20,000/- रू0 )

2- थाना रानीपोखरी

17.43 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 01 शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार रानीपोखरी पुलिस द्वारा गुजराडा मोड रानी पोखरी के पास से एक अभियुक्त कमलेश ठाकुर उर्फ गजनी को 17.43 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना रानीपोखरी पर मु0अ0स0 03/25 धारा: 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। जानकारी करने पर अभियुक्त के पूर्व में भी थाना रायवाला, ऋषिकेश व थाना मुनिकीरेती से भी विभिन्न आपराधिक गतिविधियो में जेल जाना प्रकाश में आया है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

कमलेश ठाकुर उर्फ गजनी पुत्र स्व0 चक्र बहादुर निवासी चंद्रभागा, ऋषिकेश, उम्र 28 वर्ष

# उत्तरकाशी में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों की नियुक्ति के लिए रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

**उत्तरकाशी,**नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के सम्पादन हेतु सोमवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था0नि0) डॉ . मेहरबान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में मतदान कार्मिकों की नियुक्ति के लिए पहले चरण का रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया। जिले के 05 नगर निकायों के चुनाव के लिये बनाए गए 58 पोलिंग बूथों पर मतदान सम्पन्न कराने के लिये प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय शामिल होंगे। इस बार जिले में तैनात किए जाने वाले मतदान कार्मिकों की अधिकतम आयु 49 वर्ष निर्धारित की गई है । सॉफ्टवेयर के माध्यम से सपंन्न कराये गए पहले चरण के रेंडमाइजेशन के जरिये चयनित 104 पीठासीन अधिकारी और 104 प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में मुख्य विकास अधिकारी एस.एल सेमवाल,अपर जिलाधिकारी पी.एल शाह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

# नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, कुल 8429459 मतदाता शामिल

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

उत्तराखण्ड में विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत 1 जनवरी 2025 की आर्हता तिथि के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग ने नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। प्रदेश में विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के सम्बंध में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कॉफ्रेंस करते हुए जानकारी दी कि 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर 6 जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में 8429459 मतदाता शामिल हैं,जिसमें 4364667 पुरुष मतदाता, 4064488 महिला मतदाता एवं 304 थर्ड जेंडर शामिल हैं।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में सर्विस मतदाताओं की संख्या 89812 है जिसमें 87103 पुरुष एवं 2709 महिला स-र्विस वोटर शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया



कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 11733 पोलिंग स्टेशन हैं जिसमें 3462 शहरी क्षेत्रों में हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 8271 पोलिंग स्टेशन शामिल हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने विशेष सक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत 1 जनवरी 2025 की आर्हता तिथि के आधार पर विभिन्न आयुवर्ग में दर्ज मतदाताओं की संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हानें बताया कि वर्तमान में 18-19 आयुवर्ग में 144400, 20-29 आयुवर्ग में 1627026, 30-39 आयुवर्ग में सबसे अधिक 2267477, 40-49 आयुवर्ग में 1779879, 50-59 आयुवर्ग में 1233140, 60-69 आयुवर्ग में 780598, 70-79आयुवर्ग में 434870 व 80 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में 162069 मतदाता शामिल हैं।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश में वर्तमान में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 83819 है जिसमें 51877 पुरुष, 31938 महिला एवं 4 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक आयु के 68112 मतदाता दर्ज हैं जिसमें 83819 पुरुष, 27905 महिला एवं 2 थर्ड जेंडर शामिल हैं।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि कोई भी नागरिक 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है वह फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज करने की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी,मुक्ता मिश्र, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तुदास उपस्थित रहे।

# पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें पदाधिकारी व कार्यकर्ता : सीमा त्रिखा

## बूथ समितियों के गठन के लिए आदमपुर विधानसभा की बैठक ली पूर्व मंत्री ने-

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरियाणा/हिसार** : पूर्व मंत्री एवं भाजपा संगठन चुनाव के लिए जिला प्रभारी सीमा त्रिखा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आह्वान किया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक सदस्य जोड़कर पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए सदस्यता व सक्रिस सदस्यता अभियान चलाने के बाद संगठन के गठन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

सीमा त्रिखा सोमवार को आदमपुर की गोपीराम धर्मशाला में आदमपुर विधानसभा के बूथ समितियों के गठन बारे आयोजित तीनों मंडलों की बैठक को संबोधित कर रही थीं।



उन्होंने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान में आम जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यकताओं ने पूरी मेहनत से यह अभियान चलाया, जिसके चलते प्रदेशभर से लाखों सदस्य पार्टी से जुड़े। उन्होंने कहा कि आदमपुर विधानसभा के तीनों मंडलों की बूथ समितियां व सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए यह बैठक हुई है। इसमें पदाधिकारियों को पार्टी संगठन के निर्देशानुसार अपनी–अपनी जिम्मेवारी निभानी है।

मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं रणधीर सिंह धीरू, मंडल अध्यक्ष चन्द्रपाल भादू, शशिकांत शर्मा व सूरजभान मेहला, पार्टी नेता जयपाल बैंदा, राजन ग्रोवर, पवन जैन, अजय बैनीवाल, भूपसिंह, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश, घनश्याम शर्मा, विक्रम कासनियां, राजेंद्र सोनी उग्रसेन, रणवीर शर्मा जेपी पाहवा, कुलदीप डेलू व कृष्ण गर्ग, मुकेश सैनी, रवीना सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्तराखंडः निकाय चुनावों में अवैध शराब की तस्करी, पुलिस ने 4 तस्करों को किया गिरफ्तार




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

नैनीताल उत्तराखंड में निकाय चुनावों की सुगबुगाहट के साथ ही अवैध शराब की तस्करी बढ़ गई है। नैनीताल जिला पुलिस ने दो अलग अलग घटनाओं में 34 पेटी अवैध शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशेष अभियान समूह को हल्द्वानी के भोटिया पड़ाव क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। एसओजी की टीम ने मौके पर छापा मारा। मौके से 27 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। आरोपी पंकज जोशी निवासी कृष्णापुर, तल्लीताल नैनीताल को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस के अनुसार, युवक से जो दस्तावेज बरामद हुए हैं उससे शक है कि अवैध शराब की तस्करी में एफएल-2 के कर्मचारियों की भी मिलीभगत है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। इसी प्रकार मुक्तेश्वर और काठगोदाम पुलिस ने भी बीती रात को साढ़े सात पेटी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## 17 वर्षीय नाबालिग खिलाड़ी से दुष्कर्म के मामले में महिला आयोग अध्यक्ष ने लिया संज्ञान, SSP को कड़ी करवाई के दिए निर्देश



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

उत्तराखंड में 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत होने वाली हैं। रोशनाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम, हरिद्वार में प्रैक्टिस के लिए कई छात्र छात्रायें आये हुए है। ऐसे में सिडकुल थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग खिलाड़ी ने अपने कोच पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता ने महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल को फोन पर जानकारी दी है कि उनकी बेटी 30 अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रेक्टिस के लिए रोशनाबाद गयी थी जहां उनके कोच ने कमरे में बुलाकर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है,पीड़िता के पिता से वार्ता के तुरंत बाद मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने संज्ञान लिया है।उक्त घटना के संज्ञान में आने पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा की यह बहुत ही निंदनीय घटना है, उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल से फोन पर वार्ता की तथा उक्त घटना में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर इस निन्दनीय घटना के आरोपी को बख्शा नही जाना चाहिए। उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को मामले में गंभीर जांच के निर्देश दिए है।उन्होंने कहा कि आज सरकार बेटियों को खेलों में बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है और ऐसे में यदि इस तरह मानसिकता वाले कोच खिलाड़ियों के साथ शर्मनाक हरकत करेंगे तो उनके विरुद्ध सख्ताई से कार्रवाई की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि पीड़िता द्वारा सिडकुल थाने में शिकायत दर्ज कराने के उपरांत ही पुलिस द्वारा किशोरी को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। पीड़िता का जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। आरोपी कोच को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

वहीं महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि महिला आयोग सरकार का अभिन्न अंग है और किसी भी बेटी के साथ कुछ भी गलत होता है आयोग मामले में तुरंत कारवाई करता है। आज प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिला सुरक्षा को लेकर कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य महिला आयोग भी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम कदम उठा रहा है। ऐसे में कोई भी आरोपी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा साहिब हिन्द दी चादर बरवाला में मनाया गया बड़ी धूमधाम व श्रद्धा से

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरियाणा/ हिसार : श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मेन रोड पर स्थित गुरुद्वारा साहिब हिंद दी चादर बरवाला के प्रांगण में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया और अखंड पाठ का भोग डाला गया` प्रधान हरजीत सिंह ने बताया कि इस प्रकाश पर्व के पवित्र अवसर पर हिसार से आए भाई त्रिलोचन सिंह और उनके रागी जत्थे ने श्री गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी एक महान योद्धा, दार्शनिक, चिंतक, कवि व आध्यात्मिक शाख्सियत के मलिक थे` 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की और धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने परिवार का बलिदान दे दिया` ऐसी शहादत विश्व के इतिहास में कहीं भी नहीं मिलेगी` गुरु साहिब को संत सिपाही का दर्जा मिला` गुरु साहिब ने कई ग्रंथो की रचना की जिसमें चंडी दी वार, जाप साहिब खालसा महिमा, विचित्र नाटक और जफरनामा प्रमुख है` गुरु गोविंद सिंह सिखों के दसवें गुरु थे और उनका जन्म पौष सुदी सातवीं 1723 को पटना में हुआ था` इस दौरान हेड ग्रंथी बाबा कबीर सिंह ने जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच संपूर्ण अरदास की और शरबत के भले की कामना की` रागी जत्था बाबा त्रिलोचन सिंह को ढाणी प्रेम नगर निवासी समाजसेवी चरनप्रीत ढिल्लों ने सरोपा भेंटकर



सम्मानित किया` अरदास के बाद गुरु जी का अटूट लंगर चलाया गया` इस लंगर में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया` इससे पूर्व गुरुद्वारा साहिब हिंद दी चादर में अखंड पाठ रखा गया` इस अखंड पाठ में बाहर से आए गगन सिंह जखेपल, रामफल सिंह, गुरतेश सिंह व कबीर सिंह द्वारा अपनी सेवाएं दी गई` इस अवसर पर प्रधान हरजीत सिंह, अमरीक सिंह, अजीत सिंह, जसविंदर सिंह, तरसेम सिंह, अमरजीत सिंह, कर्मजीत कौर, स्वर्णजीत कौर, निर्मलजीत, बलजीत कौर, हरप्रीत, बिमला, मनजीत कौर, नरेंद्र पाल, मनदीप कौर व सौरभ चुघ समेत सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे`

## डीएम के प्रयासों से जनपद में पटरी आने लगी स्वास्थ्य सुविधाएं



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक कर प्रेमनगर चिकित्सालय के सभी 5 प्रस्तावों को मौके पर ही स्वीकृति देते हुए धनराशि जारी करते हुए कार्रवाई के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

चिकित्सालय में नवनिर्मित ओटी के संचालन के लिए 02 ओटी लाईट लगाये जाने के लिए जैम के माध्यम से कय आदेश निर्गत किया जा चुका है।

चिकित्सालय में गार्ड रूम बनाये जाने के लिए कार्य आदेश निर्गत किये जा चुके है। चिकित्सालय में स्थापित पानी की टंकी की मरम्मत हेतु कार्य आदेश निर्गत किये जा चुके है। चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके तामीरदारों के लिए कैन्टीन के निमार्ण करवाये जाने के लिए निविदा कार्यवाही पूर्ण कर कार्य आदेश निर्गत किये जा चुके है। चिकित्सालय में बनाये जा रहे नवनिर्मित बाल चिकित्सा आईसीयू के कारण चिकित्सालय में वर्तमान में इलेक्ट्रिक लोड को 50 किलोवाट के स्थान पर 100 किलोवाट कराये जाने के लिए अधिशासी अभियन्ता (यूपीसीएल), मोहनपुर प्रेमनगर, एनईएफटी के माध्यम से भुगतान कर दिया गया है।

## नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

डोईवाला कोतवाली अंतर्गत डोईवाला निवासी महिला द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि साहिल नाम का युवक उसकी नाबालिक पुत्री काल्पनिक नाम उर्मिला उम्र 17 वर्ष को घर से बहला फुसलाकर अपने साथ नेचर पार्क लक्ष्छीवाला ले गया जहां उसके साथ उसकी नाबालिक पुत्री उर्मिला के साथ जबरन शरीर संबंध बनाएं तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 07 /2025 धारा 64 (1)137(2) बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया डोईवाला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद गोसाई के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर जांच पड़ताल शुरू की गई मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शाहिद उर्फ साहिल पुत्र कयूंम मूल निवासी कसाईगंज साहिबगंज झारखंड उम्र 19 को केशव पूरी बस्ती के पास से गिरफ्तार किया गया

## 30 लाख रुपए की चरस, दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

नैनीताल के थाना खन्सयू क्षेत्र से करीब 30 लाख रुपए की चरस के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बरामद की गयी करीब 05 किलो 457 ग्राम चरस की खेप कल देर शाम उत्तराखण्ड रळत्रः की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा थाना खन्सयू क्षेत्र में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए खन्सयू- हैडाखान मार्ग के पास से दो चरस तस्करों महेन्द्र सिंह चिलवाल पुत्र बच्ची सिंह तथा बच्ची सिंह पुत्र बिशन सिंह निबासीगण ग्राम चमोली थाना खन्सयू जिला नैनीताल को गिरफ्तार किया इसके कब्जे से कुल 05 किलो 457 ग्राम चरस बरामद हुई

अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया कि वे यह चरस अपने गॉव से लाये थे जिसको हल्द्वानी, काठगोदाम क्षेत्र में बेचने ले जा रहे थे। अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि वह अक्सर अपने गॉव से चरस ले जाकर मैदानी क्षेत्रों में बेचते है जिससे उनको काफी मुनाफा होता है। रळत्रःटीम द्वारा पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई है जिन पर अलग से कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

1- महेन्द्र सिंह चिलवाल पुत्र बच्ची सिंह

2- बच्ची सिंह पुत्र बिशन सिंह निबासीगण ग्राम चमोली थाना खन्सयू जिला नैनीताल

## फर्जी उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी धारण करने वाले को काठगोदाम पुलिस ने गिरफ्तार कर किया बेनकाब




मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

नैनीताल की काठगोदाम पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए फर्जी उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी धारण करने वाले को गिरफ्तार कर बेनकाब किया।एक व्यक्ति द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी धारण कर एक घर में घुसने का मामला सामने आया, जिसमें उसने घर के मालिक और उनके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी।कैलाश चन्द्र पाण्डे, निवासी कृष्णा बिहार कालोनी, काठगोदाम ने शिकायत दी कि एक व्यक्ति पिछले एक वर्ष से उनके मकान में रात के समय आता-जाता रहा है। 05.01.2025 को उसी व्यक्ति ने उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर उनके घर में घुसने का प्रयास किया और मना करने पर वादी, उसकी पत्नी व पड़ौसी के साथ गाली गलौच, बदतमीजी और जान से मारने की धमकी दी।जांच में यह भी पता चला कि आरोपी के पास जो वर्दी और परिचय पत्र था, वह पूरी तरह से फर्जी था।

## संक्षिप्त समाचार

# उद्घाटन मैच में टेकारी की झांकी पर शानदार जीत

**श्री दावड़ा विवि व पायल एक नया सवेरा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में डीयूपीएल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन**




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

नया रायपुर।। श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के तत्वाधान में टेनिस बॉल- क्रिकेट प्रतियोगिता डीयूपीएल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अभनपुर विकासखंड के 40 गांवों से विभिन्न क्रिकेट टीमों ने भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दावड़ा यूनिवर्सिटी के सीईओ चिन्मय दावड़ा और विवि महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा के द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता की शुरूआत एक रोमांचक मैच पूर्व विजेता एवं उप विजेता टीम से हुई, सीजन 3 में टेकारी और झांकी की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने अपने खेल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैच में झांकी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार चार विकेट पर 65 रन का स्कोर खड़ा किया, जबकि टेकारी की टीम ने कड़ी मेहनत से जवाब दिया। जिसमें टेकारी की टीम ने 6 विकेट खोकर इस लक्ष्य को 5.1 ओवर में हासिल करने में सफल रही। प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और बेहतर क्रिकेट कौशल का विकास कर सकें। चिन्मय दावड़ा ने अपने उद्घाटन संबोधन में इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल खेल भावना को बढ़ावा देती हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों को एकजुट भी करती हैं। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट प्रेमियों और दर्शकों की बड़ी संख्या ने आकर इस खेल के प्रति अपने उत्साह और समर्थन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया, ताकि क्षेत्रीय क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को और मजबूत किया जा सके। उद्घाटन मैंच के दौरान पायल एक नया सवेरा की अध्यक्ष पायल लाठ, विवि के मानद निदेशक तुलसीदास संघानी, कुलसचिव कुमार श्वेताभ, विवि मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर, अधिष्ठाता डॉ. मनीष वर्मा, विपिन श्रीवास्तव सहित दावड़ा विवि के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## उत्तरकाशी के भराण गांव में उच्च माध्यमिक विद्यालय का भूमि पूजन संपन्न



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** आज वरुणा घाटी के ग्रामसभा भराण गांव में उच्च माध्यमिक विद्यालय का भूमि पूजन गंगोत्री विधायक सुरेश सिंह चौहान द्वारा विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों को विद्यालय निर्माण के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

गांव के 33 लोगों ने विद्यालय के लिए निशुल्क भूमि दान की, जिनका फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। विधायक सुरेश सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्रवासियों और वरुणा घाटी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा लंबे समय से विद्यालय निर्माण की मांग की जा रही थी। समिति के शिष्टमंडल ने उनसे मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से आग्रह किया। मंत्री जी ने तत्काल स्वीकृति देकर क्षेत्रवासियों को यह महत्वपूर्ण सौगात दी। विधायक सुरेश सिंह चौहान ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं प्रदेश सरकार और विशेष रूप से शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने हमारी मांग को गंभीरता से लिया और विद्यालय निर्माण के लिए तुरंत स्वीकृति प्रदान की। यह सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और क्षेत्र के विकास के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है। विधायक सुरेश सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनके शैक्षिक विकास में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने भी अपनी खुशी जाहिर की और विद्यालय निर्माण के लिए सरकार और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। वरुणा घाटी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के अंत में, विधायक ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और विद्यालय निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद की किरण है और इसके माध्यम से वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गांधी दर्शन राजघाट पर नई गांधी दर्शन आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया

नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 6 जनवरी, 2025 को राजघाट स्थित 36 एकड़ में फैले गांधी दर्शन परिसर में नव विकसित ह्यगांधी दर्शन आर्ट गेलरीह्ण का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में देशभर से आए लगभग 100 कलाकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने की।

इस अवसर पर उपस्थित कलाकारों और मूर्तिकारों को संबोधित करते हुए ओम बिरला ने गांधी दर्शन द्वारा कला की अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने की इस पहल की सराहना की। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सिद्धांतों ने वैश्विक स्तर पर अहिंसात्मक आंदोलनों को प्रेरित किया है।

ओम बिरला ने यह भी कहा कि कलाकारों की अलग सोच और चिंतन उनके सृजन को आकार देता है और समाज की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संरचना में योगदान करता है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

अपने संबोधन में विजय गोयल ने कहा कि दिल्ली में कलाकारों के लिए अपने कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए अच्छे स्थानों की कमी है। ऐसे



में यह आर्ट गेलरी इस कमी को पूरा करेगी।

गोयल ने कहा कि आने वाले समय में गांधी दर्शन आर्ट गेलरी दिल्ली में एक प्रमुख सांस्कृतिक स्थल बनेगी, जो पेशेवर और उभरते कलाकारों को एक बड़ा मंच प्रदान करेगी।

गोयल ने यह भी घोषणा की, कि आरंभिक सात प्रदर्शनियां निःशुल्क होंगी, और बाद में कलाकार और प्रदर्शक नाममात्र शुल्क का भुगतान करके दीर्घा बुक कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन आर्ट गॅलरी में समय-समय पर प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, कला शिविर और सहयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, और इसमें कलाकारों और क्यूरेटरों को अपने प्रदर्शनियों को क्यूरेट करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## कर्नाटक : छात्रावास की दूसरी मंजिल से गिरकर आईआईएम-बी के छात्र की मौत

बेंगलुरु,एजेंसी।

भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु (आईआईएम-बी) के एक छात्र की अपने छात्रावास की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, हम मौत के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जो संभवतः तीन दिन में आएगी सूरत के रहने वाले निलय कैलाशभाई पटेल ने शनिवार को अपने दोस्तों के साथ अपना 29वां जन्मदिन मनाया था। पुलिस ने बताया कि निलय देर रात अपने दोस्त के कमरे में केक काटने के बाद अपने कमरे में चला गया था और रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे छात्रावास के लॉन में उसे पड़ा देखा। पुलिस के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों ने उसे देखा और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि निलय जन्मदिन की पार्टी के बाद अपने कमरे में वापस जाते समय दुर्घटनावश दूसरी मंजिल की बालकनी से गिर गया। इस बीच, आईआईएम-बी ने अपने एक्स पेज पर शोक संदेश में लिखा है, आईआईएम बैंगलुरु बड़े दुख के साथ अपने पीजीपी 2023-25 के छात्र के असामयिक निधन की खबर साझा कर रहा है। पुलिस ने इस संबंध में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## मणिपुर के खोंगसांग में मालगाड़ी से 2,30 करोड़ टन से अधिक सीमेंट पहुंचाया गया



**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया है कि राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को बढ़ाने की कवायद के तहत एक मालगाड़ी से खोंगसांग रेलवे स्टेशन पर कुल 2,39 करोड़ टन सीमेंट पहुंचाया गया। इंफाल से लगभग 109 किलोमीटर दूर तामेंगलोंग जिले में खोंगसांग, पहाड़ी जिलों में राज्य का एकमात्र रेलवे स्टेशन है। सिंह ने रविवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, खोंगसांग रेलवे स्टेशन पर कुल 2,39 करोड़ टन सीमेंट पहुंचाया गया। अधिक से अधिक माल लगातार ट्रेन से ले जाया जा रहा है। इस विकास से मणिपुर में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी आसानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि सीमेंट को ट्रकों में लाद कर राज्य के विभिन्न हिस्सों में ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-दो के माध्यम से इंफाल से नगालैंड के दीमापुर तक परिवहन मार्ग पर लगातार व्यवधान पैदा हो रहा है, ऐसे में देश के अन्य हिस्सों से मणिपुर तक आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए रेल संपर्क महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

# ओडिशा के संबलपुर में भाजपा नेताओं की कार को डंपर ने जानबूझकर टक्कर मारी : पुलिस

भुवनेश्वर,एजेंसी।

ओडिशा के संबलपुर जिले में एक डंपर की कार से टक्कर होने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो नेताओं की मौत के मामले में पुलिस ने कहा कि डंपर ने जानबूझकर उनके वाहन को टक्कर मारी थी। मृतक नेताओं की पहचान भाजपा के गोशाला मंडल अध्यक्ष देबेंद्र नायक और पूर्व सरपंच मुरलीधर छुरिया के रूप में हुई है। शनिवार देर रात एक डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुर्ला थाना क्षेत्र में एनएच 53 पर देर रात करीब 1.30 बजे घटी। कार में चालक सहित छह लोग सवार थे और वे भुवनेश्वर से करडोला स्थित अपने घर लौट रहे थे। पुलिस अधीक्षक पी मुकेश कुमार भामू ने बताया, घटना के वीडियो फुटेज से पता चलता है कि डंपर ने जानबूझकर कार को टक्कर मारी थी। इसलिए हमने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 307 और 302 के तहत मामला दर्ज किया है। हम अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य भी एकत्र कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि पुलिस अब डंपर चालक से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि वह शाम तक मामले की अधिक जानकारी देंगे।

इस हादसे में घायल सभी छह लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायलों का इलाज हो रहा है। दुर्घटना में घायल हुए सुरेश चंदा ने आरोप लगाया, वाहन ने हमारी कार को पीछे से दो बार टक्कर मारी। किसी के द्वारा जानबूझकर हमारी गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश करने का संदेह होने पर, चालक ने कार को कांटापल्ली चौक के पास राजमार्ग से ग्रामीण सड़क की ओर मोड़ दिया। फिर भी, डंपर ने हमारी गाड़ी का पीछा किया और उसमें दोबारा टक्कर मारी। नतीजतन, कार पलट गई। घायल भाजपा कार्यकर्ता ने कहा, मुझे यकीन है कि किसी ने जानबूझकर हादसे को अंजाम दिया। गलती से कोई एक बार वाहन को टक्कर मार सकता है। कोई व्यक्ति पीछे से बार-बार क्यों टक्कर मारेगा?

## गुजरात के कच्छ में बोरवेल में गिरी किशोरी, बचाव अभियान जारी



भुज (गुजरात),एजेंसी।

गुजरात में कच्छ जिले के एक गांव में सोमवार सुबह 18 वर्षीय एक किशोरी गहरे बोरवेल में गिर गई जिसे बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के भुज तालुका के कंदेराई गांव में सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। भुज के डिप्टी कलेक्टर एबी जादव ने बताया कि किशोरी राजस्थान के प्रवासी मजदूरों के परिवार से थी। वह 540 फुट गहरे बोरवेल में 490 फुट की गहराई पर फंसी हुई है। जब परिवार ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय लड़की बोरवेल में गिर गई है तो अधिकारियों को संदेह हुआ कि इतनी उम्र की लड़की बोरवेल में कैसे गिर गई। जादव ने बताया कि उन्होंने दोपहर में कैमरे की मदद से उसके बोरवेल में होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि स्थानीय बचाव दल बोरवेल में लगातार ऑक्सीजन पहुंचा रहा है। अधिकारी ने बताया, लड़की अचेत अवस्था में है। उसे बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय बचाव दल उसे ऑक्सीजन दे रहा है। उन्होंने बताया कि बचाव कार्यों में सहयोग के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीमों को भी बुलाया गया है।

# फॉमूर्ला ई रेस: बीआरएस नेता के. टी. रामा राव ने एसीबी के समक्ष बयान दर्ज कराया

हैदराबाद,एजेंसी।

तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में सोमवार को उस समय बड़ा नाटक हुआ जब फामूर्ला ई रेस मामले में जारी जांच के सिलसिले में तलब किए गए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव को उनके वकील से मिलने की अनुमति नहीं दी गयी, जिसके कारण उन्हें कार्यालय के बाहर अपना बयान दर्ज कराना पड़ा। रामा राव सुबह 10 बजे के बाद एसीबी मुख्यालय पहुंचे और पुलिस ने उनके वकील की मौजूदगी पर आपत्ति जताते हुए उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। बीआरएस नेता रामा राव ने कहा कि उन्होंने कार्यालय के बाहर एसीबी अधिकारी को एक लिखित बयान सौंपा, जो वह एसीबी अधिकारी को देने वाले थे।

रामा राव को केटीआर भी कहा जाता है। कानूनी प्रतिनिधित्व के



अपने मौलिक अधिकार का हवाला देते हुए केटीआर ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उन्होंने अपने वकील की उपस्थिति पर जोर दिया। बीआरएस नेता ने दावा किया कि एसीबी उनके आवास पर छापेमारी करने की योजना बना रही थी। उन्होंने कहा, अब वे (अधिकारी) कह रहे हैं कि आप वकील को अंदर नहीं ले जा सकते। इसलिए, मुझे कार्यालय के अंदर जो भी बयान देना था उसे मैंने एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के अधिकारी के समक्ष दर्ज करा दिया है। उन्होंने मुझे पावती दे दी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वह अपने वकील की मौजूदगी में एसीबी द्वारा मांगी गई सारी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। रामा राव ने दावा किया, ङ्खउन्होंने पूर्व में ऐसी स्थितियां पैदा की हैं, जिसमें उन्होंने ऐसे बयानों को भी हमारे नेताओं का बयान बता दिया जिसे उन्होंने कभी कहा ही नहीं। रामा राव ने एसीबी द्वारा पूछताछ के दौरान अपने वकील की मौजूदगी से वंचित किये जाने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि राज्य सरकार उनके बयानों में हेरफेर कर सकती है, जैसा कि पूर्व बीआरएस विधायक पटनम नरेन्द्र रेड्डी के साथ हुआ था। नरेन्द्र रेड्डी को पिछले वर्ष नवंबर में विकाराबाद जिले में सरकारी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। रामा राव ने कहा कि उन्हें संदेह है कि एसीबी मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के निर्देश पर काम कर रही है। पिछले सप्ताह तेलंगाना एसीबी ने बीआरएस विधायक को प्राथमिकी में मुख्य आरोपी बनाए जाने के बाद छह जनवरी को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। एसीबी ने 19 दिसंबर को रामा राव के खिलाफ पिछली सरकार के दौरान 2023 में रेस आयोजित कराने के लिए भुगतान करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। इसमें से कुछ भुगतान बिना मंजूरी के विदेशी मुद्रा में किए गए थे।

# एचएमपीवी मामला: कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं

बेंगलुरु,एजेंसी।

कर्नाटक सरकार ने सोमवार को आश्वासन दिया कि ूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। बेंगलुरु में एचएमपीवी के दो मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने यह बात कही। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इन दोनों मरीजों का अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं हैं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें घबराना चाहिए, क्योंकि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। वायरस देश में पहले से ही मौजूद है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि यह भारत में एचएमपीवी का पहला मामला है, जो सच नहीं है क्योंकि एचएमपीवी वायरस देश में पहले से ही मौजूद है और कुछ प्रतिशत लोग इस वायरस से संक्रमित होते हैं तथा यह कोई नई बात नहीं है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आठ महीने के शिशु का कोई यात्रा इतिहास नहीं है और वे (परिवार) स्थानीय निवासी हैं। वे चीन या किसी अन्य देश से नहीं आए हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसका इससे कोई संबंध है।

मंत्री ने कहा कि चीन में एचएमपीवी के प्रकोप का कारण वायरस का एक नया



स्वरूप है। उन्होंने कहा, हमारे पास पूरी जानकारी नहीं है और भारत सरकार ने अब तक हमें पूरी जानकारी नहीं दी है। शायद वे और अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, ङ्ख एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है, यह लंबे समय से मौजूद है। वायरस के संक्रमण से आमतौर पर सर्दी, फ्लू या खांसी जैसे सामान्य लक्षण पैदा होते हैं। यह ऐसा वायरल संक्रमण है जो बिना उपचार के कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाता है। यह कुछ समय बाद खत्म हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें इसे पहला मामला कहना चाहिए। इससे पहले दिन में, स्वास्थ्य विभाग ने कहा था कि राज्य की राजधानी के एक निजी अस्पताल में आठ महीने के शिशु के एचएमपीवी से संक्रमित होने का मामला सामने आया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि नमूनों की जांच सरकारी प्रयोगशाला में नहीं की गई थी और संक्रमण की पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

राव ने कहा कि केंद्र सरकार चीन में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। किसी भी तरह की जांच की आवश्यकता के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस पर आंतरिक रूप से भी चर्चा कर रहे हैं। मैंने अपने अधिकारियों को आईसीएमआर और भारत सरकार के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया है। मैं आज किसी भी नई जानकारी की समीक्षा करने और इस संबंध में तय किए जाने वाले अगले कदम को लेकर एक बैठक कर रहा हूं। उन्होंने कहा, इससे कोई गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता पैदा हो रही है या नहीं, सबसे पहले यह तय किया जाना चाहिए। क्या वास्तव में सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता की बात है, क्योंकि सिर्फ एक मामला सामने आया है? इस पर गौर किया जाना चाहिए। अगर आप सर्दी-जुकाम से पीड़ित किसी व्यक्ति की जांच करेंगे, तो उसमें कुछ वायरस होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को सामान्य सावधानियां बरतनी चाहिए और सावधान रहना चाहिए, ङ्ख अगर लोग सावधान हैं, तो यह हमारे लिए बेहतर है। खासकर अगर आपमें लक्षण हैं तो अपने हाथ धोएं, कुछ दूरी बनाए रखें। ये चीजें पहले से ही जारी की गई सलाह में शामिल हैं। कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने चार जनवरी को कहा था कि कर्नाटक में एचएमपीवी से संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने रविवार को इस संबंध में विज्ञप्ति जारी की थी। आंध्र प्रदेश की लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक के. पद्मावती ने कहा कि यह वायरस कोविड-19 की तरह ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है। पद्मावती ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, आंध्र प्रदेश में एचएमपीवी का कोई मामला नहीं आया है। फिलहाल इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एचएमपीवी के मामले चीन में सामने आए हैं। निदेशक के अनुसार, एचएमपीवी से संक्रमित व्यक्तियों के निकट संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों को वायरस के संक्रमण का खतरा है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी संक्रमित व्यक्तियों के खांसने, छींकने, छूने और हाथ मिलाने से भी फैल सकती है।

## रणजी ट्रॉफी खेलकर तकनीकी गलतियों को ठीक करें भारतीय टीम के खिलाड़ी : गावस्कर



**सिडनी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टीम के सभी खिलाड़ियों से रणजी ट्रॉफी में खेलने को कहा है। गावस्कर ने कहा कि रणजी खेलकर खिलाड़ी अपनी तकनीकी कमियों को दूर कर सकते हैं। उनका मानना है कि इससे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने बल्लेबाजी में जो गलतियां की थी वह ठीक होंगी। गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारतीय बल्लेबाज अपनी गलतियों के कारण विफल रहे थे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया में टीम को 1-3 से हार झेलनी पड़ी।

गावस्कर ने कहा, 23 जनवरी से रणजी ट्रॉफी का अगला दौर है। उसमें सभी फिट खिलाड़ियों को खेलना चाहिये। उसमें नहीं खेलने के लिए जो भी बहाना बनाये उसे भारतीय टीम में जगह नहीं दें। उनका मानना था कि अगर खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी नहीं खेलते हैं, तो कोच गौतम गंभीर को उनके खिलाफ सख्त रवैया अपनाना चाहिये। उन खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त फैसले लेने ही होंगे। उन्होंने कहा, गंभीर को कहना चाहिए कि तुम्हारे पास वह प्रतिबद्धता नहीं है। हमें प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। तुम खेल नहीं रहे हो, तुम जो करना चाहते हो करो पर तुम्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिलेगी।

गावस्कर ने यह भी कहा कि भारतीय बल्लेबाजों के रवैये में जो खामियां आई हैं वे घरेलू क्रिकेट के जरिये ही ठीक की जा सकती हैं। मैंने जो देखा वह तकनीकी कमियां थीं। यदि आप समान गलतियां कर रहे हैं, तो आपको इन्हें सुधारने की जरूरत है। यह सिर्फ इस सीरीज की बात नहीं है, बल्कि न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान भी यही हुआ था। साथ ही कहा कि आगामी 2025-2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र को देखते हुए घरेलू क्रिकेट के महत्व को स्वीकार कतरे हुए भारत को अब युवा क्रिकेटरों जैसे यशस्वी जायसवाल और नितीश कुमार रेड्डी पर अधिक ध्यान देना चाहिए।गावस्कर ने कहा, वे देश और टीम के लिए नाम कमाने के लिए भूखे हैं। ऐसे खिलाड़ियों की ही हमें जरूरत है। अब देखते है कि कितने खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

## बल्लेबाजी शैली में बदलाव के कारण विफल रहे शुभमन : पोंटिंग

**मेलबर्न**



भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अपने इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने में विफल रहे हैं। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि शुभमन ने अपनी बल्लेबाजी शैली में पिछले कुछ समय में बदलाव किये हैं, इसलिए लिए वह विदेश दौरों पर असफल हो रहे हैं। उन्हें इससे उबरने अपना आत्मविश्वास बनाये रखना होगा इसके अलावा अपनी रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। वहीं एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में भी वह पहली पारी में रन नहीं बना पाये। मेलबर्न में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। इसके बाद सिडनी में उन्हें शामिल किया गया पर वह वहां भी असफल रहे। पोंटिंग ने कहा, ह्यमुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई जवाब नहीं है पर विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने इस युवा बल्लेबाज की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यमैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसने ऑफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर विकेट गंवा दिया। पोंटिंग ने कहा कि शैली में बदलाव करने की जगह शुभमन को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिए था। उन्होंने कहा, ह्यउसे अपनी रक्षात्मक तकनीक को और बेहतर करना होगा जिससे वह रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक होकर रन बनाए हैं। वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ खेलना चाहिये।

## अब छह माह बाद जून में ही टेस्ट सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

**मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा समाप्त हो गया है। अपने दो माह के इस दौरे में भारतीय टीम को अंत में 3-1 से सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही पिछले एक दशक से उसके पास रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भी हाथ से निकल गयी है। इस सीरीज में दोनो ही टीमें बड़े स्कोर नहीं बना पायीं। भारतीय टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से संघर्ष करती दिखी। अब भारतीय टीम करीब छह महीने के बाद जून में टेस्ट खेलेगी और उसका लक्ष्य इस ऑस्ट्रेलिया दौरे की गलतियों को सुधारना रहेगा। भारतीय क्रिकेट टीम अब जून में टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। ये टेस्ट सीरीज इंग्लैंड में होगी। टीम इंडिया इंग्लैंड के दौरे में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से बर्मिंघम में। वहीं तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉडर्स में ओर चौथा 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होगा। पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा। सीरीज के पांचों टेस्ट मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 3:30 बजे से खेले जाएंगे। भारतीय टीम इसी महीने जनवारी में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी, इस सीरीज में टेस्ट मैच नहीं खेले जाएंगे। भारतीय टीम इस घरेलू सीरीज में 3 एकदिवसीय और 5 टी20 मैच खेलेगी। इस सीरीज की शुरूआत 22 जनवरी से होगी. दोनों टीमें पहले टी20 में कोलकाता में आमना-सामना करेंगी जबकि सीरीज का दूसरा टी20 मैच 25 को चेन्नई में वहीं तीसरा टी20 मैच 28 को राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टी20 मैच 31 जनवरी को पुणे में जबकि पांचवां और आखिरी टी20 दो फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।टी20 सीरीज के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड से 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में भी मुकाबला करेगी। वनडे सीरीज की शुरूआत 6 फरवरी से नागपुर में होगी जबकि दूसरा एकदिवसीय 9 फरवरी को कटक में जबकि तीसरा और आखिरी एकदिवसीय 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम फरवरी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए यूएई जाएगी।

## गौतम गंभीर का सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलने का आग्रह

**सिडनी**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम के खराब प्रदर्शन को सीनियर खिलाड़ियों से भी घरेलू क्रिकेट खेलने को कहा है। गंभीर ने कहा कि अगर आप घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते तो बेहतर टेस्ट खिलाड़ी भी नहीं बन सकते। इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी कहा था कि सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये और जो खिलाड़ी ऐसा नहीं करते उन्हें टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिये। वहीं मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली के टीम में रहने को लेकर कहा कि इस बारे में ये दोनो स्वयं ही तय करेंगे। इनमें अब भी शीर्ष स्तर के प्रदर्शन की ललक है। साथ ही कहा कि सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित करनी चाहिये। गंभीर ने ये नहीं बताया कि रोहित और कोहली भविष्य में टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि अगली टेस्ट सीरीज होने में अभी छह माह का समय है।

गंभीर ने कहा, अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि छह महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म के साथ ही लोग भी बदल जाते हैं। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में होने वाली सीरीज के समय देखेंगे कि क्या होता है।

लेकिन जो भी होगा, वह भारतीय क्रिकेट के हित में होगा। कप्तान रोहित शर्मा अपने खराब फॉर्म के कारण अंतिम टेस्ट में नहीं उतरे थे। इस सीरीज में वह पांच पारियों में केवल 31 रन बना पाये थे, वहीं विराट ने नौ पारियों में 190 रन बनाए थे। कोहली आठ बार स्लिप में कैच होकर आउट हुए थे।

गंभीर ने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि सीनियर खिलाड़ी 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में कम से कम एक दौर खेलें। उन्होंने कहा, मैं हमेशा चाहता हूं कि सभी घरेलू क्रिकेट खेलें। घरेलू क्रिकेट को महत्व मिलना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर वे उपलब्ध हैं और टेस्ट क्रिकेट के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो हर किसी को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर आप घरेलू क्रिकेट को महत्व नहीं देते तो टेस्ट क्रिकेट की जरुरत के अनुसार खिलाड़ी नहीं निकलेंगे। वहीं रोहित और कोहली के भविष्य के बारे में अटकलों पर गंभीर ने कहा कि वे दोनों तय करेंगे कि भारतीय क्रिकेट के लिए क्या सबसे अच्छा है। मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकता, यह उन्हें तय करना है, लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि उनमें अभी भी भूख और जुनून है। वे दृढ इंसान हैं और उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाते रहेंगे।

## मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी को होगी रिलीज




**मुंबई**

बालीवुड फिल्म निमार्ता वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा निर्मित कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी, 2025 को रिलीज होगी। मोशन पोस्टर में एक आदमी का जूता स्टिलेट्टो और पंजाबी जूती के बीच फंसा हुआ दिखाया गया है, जो रिश्तों में उथल-पुथल के बारे में एक मजेदार कॉमेडी पेश करता है। इसे लव सर्कल कहा जाता है, यह पास्ट और प्रेजेंट के रोमांस के क्लैश के बारे में है। ऑनलाइन साझा किए गए, पोस्टर ने तुरंत युवा दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है, यह पहले से ही युवा दर्शकों के बीच हिट है। मुद्दसर अजीज, जो अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और प्रासंगिक कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं, वे कहते हैं कि एक फिल्म निमार्ता के रूप में, मैं हमेशा ऐसी कहानियां कहने में विश्वास रखता हूँ जो एंटरटेन करे , और सभी उम्र के दर्शकों को मुस्कुराने पर मजबूर कर दे । मेरा मानना है कि ऐसी फिल्में बार बार देखी जाती हैं ।

मेरे हस्बैंड की बीवी एक ऐसी फिल्म है जो रोमांटिक रिश्तों की विचित्रताओं और जटिलताओं को सेलिब्रेट करता है । मैं हमेशा से संपूर्ण मनोरंजन करने वालों में से एक रहा हूं - ऐसी फिल्में जो दोस्तों और परिवारों को एक साथ लाती हैं, उन्हें हंसाती हैं और उन्हें कुछ देती है जिसके बारे में वे बात कर सकें । इस फिल्म के लिए भी हमारा यही लक्ष्य है। यह एक हल्की-फुल्की,रिलेटेबल और ऐसे क्षणों से भरपूर होगी जो थिएटर से निकलने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहेगी। मैंने इन कलाकार को कास्ट करने के लिए उत्साहित था , और जब दर्शक पात्रों को देखेंगे तो उन्हें समझ आ जाएगा कि ऐसा क्यों है ! हालांकि फिल्म की कहानी के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की गयी है, मुख्य तिकड़ी की फ्रेश जोड़ी और अजीज के सामूहिक कॉमेडी के पिछले रिकॉर्ड के साथ यह फिल्म इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है।

पूजा एंटरटेनमेंट, बीवी नंबर 1 और हीरो नंबर 1 जैसी हिट फिल्मों के बाद एक बार फिर मेरे हसबैंड की बीवी के साथ अपनी कॉमेडी की दुनिया में तहलका मचाने के लिए तैयार है। निमार्ता जैकी भगनानी बताते हैं कि यह फिल्म हमारे द्वारा काम की गई सबसे रोमांचक परियोजनाओं में से एक है। मुदस्सर अजीज के पास प्रासंगिक, मजेदार कहानियाँ बनाने के लिए जाने जाते हैं, अर्जुन, रकुल और भूमि जबरदस्त एनर्जी और केमिस्ट्री के साथ, फिल्म रिश्तों में फ्रेश , मॉडर्न रूप प्रदान करती है ।यह फिल्म हास्य से भरपूर है और हम दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में इस पारिवारिक मनोरंजक फिल्म का आनंद लेने के लिए उत्साहित हैं !

## एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 में नजर आएंगे अहान शेट्टी

**मुंबई**



बालीवुड एक्टर सुनिल शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी आने वाली एक्शन फिल्म ह्यबॉर्डर 2ह्न में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और सनी देओल के साथ नजर आने वाले हैं। बीते दिनों सुनिल शेट्टी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपने बेटे की फिल्म में सफलता पर खुशी जताई और दिलजीत दोसांझ की अंतरराष्ट्रीय पहचान की सराहना की। सुनिल शेट्टी ने कहा, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि दिलजीत के साथ अहान को भी फिल्म बॉर्डर 2 में काम करने का मौका मिल रहा है। बेटा काम कर रहा है, तो मुझे बहुत खुशी है। और दिलजीत इंटरनेशनल पहचान रखते हैं, तो आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहेगा। मेरी कामना है कि वह एक बड़ा स्टार बने। बॉर्डर 2 को लेकर दर्शकों का उत्साह काफी बढ़ रहा है, क्योंकि यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है, और इसे भूषण कुमार, जेपी दत्ता, और निधि दत्ता प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बेहतरीन कास्ट और शानदार कहानी होगी। सुनिल शेट्टी ने अपनी पत्नी माना शेट्टी के साथ स्वर्ण मंदिर के अपने दर्शन की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और इस अनुभव के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

अहान शेट्टी ने भी सोशल मीडिया पर बॉर्डर 2 के कास्ट का हिस्सा बनने की खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, जिंदगी कैसे काम करती है, ये अजीब है। मेरी बॉर्डर के साथ यात्रा 29 साल पहले शुरू हुई थी, जब मां मुझे पेट में लेकर सेट पर पापा से मिलने आती थीं। मैं ओपी दत्ता की कहानियां सुनता था, जेपी अंकल का हाथ पकड़ता था, और निधि दत्ता के पास बैठता था। मुझे कभी नहीं पता था कि ये पल मेरे सिनेमा और भारतीय सेना के प्रति प्यार को इतना आकार देंगे। अब बॉर्डर 2 का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है।

## उपासना सिंह ने एक बेहद मुश्किल अनुभव को शेयर किया

**मुंबई**



हाल ही में एक्ट्रेस उपासना सिंह ने अपने करियर के एक बेहद मुश्किल अनुभव को शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक साउथ फिल्म के डायरेक्टर ने उन्हें एक होटल में बुलाया था, यह कहकर कि वहां एक मीटिंग होनी है, लेकिन वह मुलाकात बहुत असहज और दर्दनाक साबित हुई।

इस घटना ने उन पर गहरा प्रभाव डाला और इसके बाद उन्होंने सात दिन तक कमरे में बंद रहकर अपना समय बिताया। एक बातचीत में उपासना ने उस घटना को याद करते हुए कहा, एक बड़े साउथ फिल्म डायरेक्टर ने मेरी अनिल कपूर के साथ फिल्म साइन की थी। मैं हमेशा अपनी मां या बहन को साथ लेकर डायरेक्टर के ऑफिस जाती थी। एक दिन उन्होंने मुझसे पूछा, तुम हमेशा उनके साथ क्यों आती हो? फिर उन्होंने मुझे रात 11:30 बजे होटल बुलाया और कहा कि सिटिंग करनी है। मैंने मना किया और कहा कि मैं अगले दिन स्टोरी सुन लूंगी क्योंकि मेरे पास होटल तक जाने का साधन नहीं था, लेकिन फिर उन्होंने कहा, नहीं, तुम सिटिंग का मतलब नहीं समझी?

उपासना ने बताया कि उस मीटिंग के बाद वह ठीक से सो नहीं सकी। अगले दिन वह डायरेक्टर के ऑफिस गईं, जहां वह कुछ लोगों के साथ मीटिंग कर रहे थे। उनका ऑफिस बांद्रा में था और मैं वहां सुबह पहुंची। उनका सेक्रेटरी मुझे बाहर इंतजार करने को कह रहा था, लेकिन मैंने इंतजार नहीं किया और बिना किसी हिचकिचाहट के ऑफिस में घुस गई और पंजाबी में उन्हें गालियां दीं। मैंने लगभग पांच मिनट तक उन्हें गालियां दीं। लेकिन जब मैं उनके ऑफिस से बाहर निकली, तो मुझे यह याद आया कि मैंने बहुत से लोगों को बताया था कि मैंने अनिल कपूर के साथ फिल्म साइन की है। मैं फुटपाथ पर चलते हुए लगातार रो रही थी, उपासना ने कहा।

इस घटना के बाद उपासना ने बताया कि वह सात दिन तक अपने कमरे में बंद रहीं और रोती रही। मैं सात दिनों तक कमरे से बाहर नहीं निकली, लगातार रोती रही, यह सोचती रही कि लोगों को क्या बताऊंगी।

लेकिन उन सात दिनों ने मुझे मजबूत बना दिया। मैने अपनी मां के बारे में सोचा कि मुझे फिल्म इंडस्ट्री छोड़नी नहीं है। मैने कहा, तेरी ऐसी की तैसी और अपनी मां की मेहनत और संघर्ष को ध्यान में रखते हुए मैंने तय किया कि मैं इंडस्ट्री में ही रहूंगी। बता दें कि उपासना सिंह फिल्म जुड़वा, मैं प्रेम की दीवानी हूं और कॉमेडी नाइट्स विद कपिल जैसे शो में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं।

## विशेष सूचना

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

**सारिका**
डेस्क एडिटर
7500992656

---

**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

--------

**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325

-----

**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतु कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधान कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार